हरिभूमि
रायपुर भूमि



- अब जलबोर्ड की समिति के सामने पानी खोजने का टेंशन
- शहर की 15 लाख आबादी, 45 नई व पुरानी पानी टंकियों से रोजाना 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति

**जल बोर्ड से समस्या का स्थायी समाधान**

*शहर में पानी की समस्या वाले इलाकों को चिन्हित कर पाइप लाइन विस्तार, पाइप लाइन लीकेज की समस्या को समय सीमा में योजना बनाकर इसका ठोस समाधान करने जल बोर्ड का गठन किया गया है। 8 सदस्यों की टीम को इसका जिम्मा दिया गया है। इसमें संबंधित जोन की टीम मदद करेगी।*

*-मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम रायपुर*


# पानी का हिसाब निराला, 260 एमएलडी की डिमांड, सप्लाई 300 एमएलडी, आखिर कहां घुस रहा 40 एमएलडी अतिरिक्त पानी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम के जल विभाग के पानी का हिसाब ही निराला है। राजधानी की 15 लाख आबादी के हिसाब से प्रतिदिन 260 एलएलडी पानी की जरूरत है, पर वर्तमान सप्लाई 300 एमएलडी की हो रही है। यानी 40 एमएलडी पानी रोज अतिरिक्त जा रहा है। यह पानी कहां खप रहा है, किसके यहां जा रहा है, इसका हिसाब-किताब जल विभाग के अफसरों के पास भी नहीं है। दिलचस्प बात ये भी है कि इतना सब कुछ होने के बाद भी शहर के कुछ इलाकों में पेयजल संकट की स्थिति है, जबकि 40 एमएलडी इस अतिरिक्त पानी से छोटे शहर जैसे महासमुंद और धमतरी में एक दिन के लिए जल आपूर्ति की जा सकती है। इस ओर निगम प्रशासन का ध्यान नहीं है। अब देखना है, महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा नवगठित जल बोर्ड इस अबूझ पहेली को सुलझा पाते हैं या इसकी अनदेखी कर आगे बढ़ते हैं।

शहरवासियों को खपत के हिसाब से भरपूर मात्रा में पानी आपूर्ति के बाद भी पानी को लेकर परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले ▶▶|शेष पेज 14 पर

**इस अतिरिक्त पानी से महासमुंद और धमतरी में एक दिन की बुझ सकती है प्यास**



### अफसरों ने पानी समस्या के ये बताए कारण

- *राइजिंग लाइन से बल्क में डायरेक्ट कनेक्शन, संख्या दिख नहीं रही।*
- *हाउसिंग बोर्ड, रायपुर विकास प्राधिकरण की कालोनियों में जल आपूर्ति की गणना शामिल नहीं।*
- *पाइप लाइन लीकेज की समस्या।*
- *आए दिन सरकारी आयोजनों के लिए टैंकर से जल आपूर्ति की व्यवस्था।*

### पानी पर खर्च 72 करोड़, कमाई 32 करोड़

*नगर निगम को जलकर के रूप में सालभर में केवल 32 करोड़ रुपए की कमाई होती है, जबकि शहरवासियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए चलने वाले फिल्टर प्लांट और मोटर पंपों का सालाना बिजली बिल खर्च 72 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। नगर निगम के जल कार्य विभाग के मुताबिक प्रति माह औसतन 11 करोड़ का बिजली आता है, इसमें से 6 करोड़ रुपए सिर्फ फिल्टर प्लांट का होता है, शेष बिल अन्य जल पंपिंग स्टेशन और पानी शुद्ध करने के लिए लगाए गए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का है।*

## खबर संक्षेप

### किशोरी से छेड़खानी अधेड़ को तीन वर्ष कैद

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व किशोरी से छेड़खानी करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की फास्ट्र ट्रैक पॉक्सो कोर्ट ने तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार कोर्ट ने रामाधर रात्रे को कैद की सजा सुनाई है। 15 वर्षीय किशोरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि रामाधर ने 26 मार्च 2025 को अपने घर में काम के बहाने बुलाकर उसके साथ छेड़खानी की थी। विरोध करने पर रामाधर ने किशोरी को मारने की धमकी दी थी।

### आपसी रंजिश पर मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक युवक ने तीन लोगों के खिलाफ आपसी रंजिश पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टाटीबंध निवासी हेमंत कुमार डहरे ने उत्तम डहरिया, बुधवंतिन तथा कुलदीप के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हेमंत ने पुलिस को बताया है कि आपसी रंजिश पर नगर निगम जोन-8 पार्किंग के पास उत्तम तथा अन्य ने उसका रास्ता रोक कर विवाद किया फिर मारपीट की।

### घर, पंडाल में 70 हजार की चोरी

**रायपुर।** डीडीनगर थाना में दो अलग-अलग लोगों ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू चंगोराभाठा, श्रीराम नगर निवासी चंद्रकांत भवन ने अज्ञात के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ कर 20 हजार रुपए नकदी सहित 50 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। एक अन्य घटना में रायपुरा निवासी नरोत्तम चक्रधारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने मूर्ति बनाने वाले पंडाल से 20 हजार रुपए कीमत की ड्रिल कटर मशीन तथा बिजली तार चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ट्रक की चपेट में आने से बोरियाखुर्द निवासी सोमनाथ लतेर (42) की मौत हुई है। मंगलवार को सोमनाथ अपनी बाइक से जा रहा था, इस दौरान कुशालपुर, रिंग रोड में ट्रक सीजी 17 एलए 7208 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार ट्रक चलाते हुए सोमनाथ की बाइक को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से सोमनाथ ट्रक के पहिया में बुरी तरह से कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### सूने मकान में एक लाख की चोरी

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपने सूने मकान का ताला तोड़ कर नकदी 52 सौ रुपए सहित एक लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवानगर, डब्लूआरएस कालोनी निवासी होरी पाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। होरी पाल ने बताया है कि अज्ञात चोर ने 18 से 20 जनवरी के बीच उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर अलमारी में रखे कीमती जेवर तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

*दोपहर बाद ज्यादातर डाक्टर विहीन*

# हमर अस्पताल...24 घंटे खुलना था लेकिन दोपहर में ही लग रहा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्य बीमारी वाले मरीजों का आंबेडकर सहित अन्य बड़े अस्पतालों में दबाव कम करने गली-मोहल्ले में खोले गए हमर क्लीनिक में उपचार व्यवस्था ओपीडी में सिमटकर रह गई है। शुरुआत में चौबीस घंटे और सातों दिन खोले जाने वाले यह प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र दोपहर बाद डाक्टर विहीन हो जाते हैं। कई सेंटरों की स्थिति तो ऐसी होती है कि वहां का नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ ताला लगाकर चला जाता है। हमर क्लीनिक में पर्याप्त स्टाफ का अभाव है और वहां काम करने वाले ज्यादातर चिकित्सक बांडेड डाक्टर हैं।

- ज्यादातर बांडेड डाक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के भरोसे काम

दिल्ली की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी गली-मोहल्ले में हमर क्लीनिक खोला गया था। इनमें राजधानी रायपुर प्रमुख था। योजना के करीब तीन साल पूरा होने के बाद भी यह क्लीनिक पूरी संख्या में नहीं खुल पाया है। जो खुले हैं उनमें से ज्यादातर अपने उद्देश्य पर खरा नहीं उतर रहे हैं। शुरुआती दिनों में योजना बनाई गई थी कि सामान्य तरह की बीमारियों का इलाज, बीपी-शुगर की जांच और नियमित टीका लगाने वाले इन केंद्रों का संचालन चौबीस घंटे और सातों दिन किया जाएगा। काफी समय बीतने के बाद भी ऐसा होता प्रतीत नहीं हो रहा है। पर्याप्त डाक्टर, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ नहीं होने की वजह से यहां जांच और इलाज की सुविधा केवल ओपीडी की टाइमिंग यानी सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक ही मिल पा रही है। इसके बाद यहां सेवा देने वाले डाक्टरों के गायब होने के बाद मरीजों को दवा बांटने की जिम्मेदारी वहां रहने वाले नर्सिंग स्टाफ अथवा पैरामेडिकल कर्मचारियों की हो जाती है और हाल तो ऐसा भी है कि दोपहर बाद यानी शाम होने तक कई स्वास्थ्य केंद्रों में तो ताले लग जाते हैं। सूत्रों का कहना है कि इन हमर क्लिनिक में पर्याप्त और नियमित स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। यहां सेवा देने वाले ज्यादातर डाक्टर अनुबंध सेवा वाले होते हैं जो हर साल बदल जाते हैं वहीं ड्यूटी के दौरान भी उनका मुख्य लक्ष्य पढ़ाई का होता है।





### आधा दर्जन का सेटअप कहीं पूरा नहीं

सूत्रों के मुताबिक हमर क्लीनिक में एक डाक्टर के साथ नर्सिंग, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अन्य का सेटअप है। वास्तव में रायपुर में संचालित होने वाले किसी भी हमर क्लीनिक में पूरा स्टाफ नहीं है। कहीं नर्सिंग स्टाफ का टोटा है, तो कहीं पैरामेडिकल स्टाफ नदारद है। दूसरी ओर कई इलाके में तो हमर क्लीनिक का भवन ही नहीं बन पाया है।

हरिभूमि लाइव

### ऐसा हाल...

**पेंशनबाड़ा**

हमर क्लीनिक का संचालन सुबह के वक्त होता है। ओपीडी में काफी संख्या में मरीज आते है मगर दोपहर दो बजे के बाद स्वास्थ्य केंद्र में ताला लग जाता है। आसपास के लोगों ने बताया कि यहां सामान्य बीमारी की दवा सुबह के वक्त ही मिलती है।

**छत्तीसगढ़ नगर**

टिकरापारा के छत्तीसगढ़ नगर के हमर क्लीनिक में सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ नियमित टीकाकरण की सुविधा भी है। यह केंद्र सुबह नौ के बाद खुलता है और दोपहर होने के बाद बंद हो जाता है। क्षेत्र के मरीजों को जरुरत होने पर दूसरे स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है।

**मठपारा**

मठपारा में प्रारंभ किए गए हमर क्लीनिक में सुबह ओपीडी में काफी भीड़ होती है। मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार दवा मिलती है। दोपहर ओपीडी के बाद यहां भी मामला शांत हो जाता है और मरीजों को दूसरे दिन का इंतजार करना होता है।

**शुक्रवारी बाजार**

शुक्रवारी बाजार के हमर क्लीनिक का हाल भी कुछ ऐसा ही है। दोपहर दो बजे के बाद यहां का ज्यादातर स्टाफ गायब हो जाता है। जरूरतमंद मरीजों को अपनी समस्या के समाधान के लिए गुढ़ियारी हमर अस्पताल जाना पड़ता है।

# योग आयोग से फाइलें गायब जनसूचना अधिकारी ने लिखा- सूचना छिपाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार के योग आयोग में इस समय एक नया विवाद सामने आ रहा है। बताया गया है कि आयोग में आयोजनों पर खर्च की गई राशि का ब्योरा फाइलें न मिलने की वजह नहीं मिल पा रहा है। आयोग के जनसूचना अधिकारी ने लिखित में आवेदन देकर कहा है कि सहायक लेखाधिकारी संबंधित नस्तियों को कार्यालय में न रखकर अपने पास रखे हुए हैं। आयोग के कार्यालय में सूचना का अधिकार एवं आवक-जावक पंजी उपलब्ध नहीं होने के कारण दफ्तर के कार्यों के संचालन में अवरोध उतपन्न हो रहा है। इस मामले की एक शिकायत से यह बात सामने आई है कि 21 जन को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एवं अन्य आयोजनों के के नाम पर लाखों रुपए के चेक बिना विधिवत अनुमति और लेखा अभिलेख के जारी किए गए हैं, जबकि संबंधित नस्तियां और भुगतान से जुड़े दस्तावेज कार्यालय से ▶▶|शेष पेज 14 पर

### सूचना नहीं दे पा रहे हैं जनसूचना अधिकारी

इस पत्र के बाद आयोग के जनसूचना अधिकारी रविकांत कुमार ने 4 जुलाई 2025 को सचिव को भेजे गए पत्र में कहा है कि जब भी कार्यालयीन फाइलें मांगी जाती हैं, तो कहा जाता है कि उपलब्ध नहीं है या अधूरी है और जानकारी देने से मना कर दिया जाता है। उन्होंने ये भी कहा है कि उनके पास 10 से अधिक सूचना के अधिकार अधिनियम के आवेदन विचाराधीन हैं, लेकिन फाइलें न मिलने से आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराने में असुविधा एवं विलंब हो रहा है।

# नालंदा पार्ट-2 होगा ऑल इन वन, स्टडी के साथ जिम और स्पोर्ट्स जोन भी

## 21 करोड़ के नालंदा फेज- 2 का उप मुख्यमंत्री साव कल करेंगे भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के जीई रोड में एनआईटी के सामने 21 करोड़ की लागत से प्रदेश का सबसे आधुनिक ऑल-इन-वन स्टडी हब विकसित होगा। चौपाटी के स्थान पर नालंदा परिसर फेज-2 का भूमिपूजन उप मुख्यमंत्री अरुण साव 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे करेंगे। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत की उपस्थिति में इसकी आधारशिला रखी जाएगी।

- रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत की उपस्थिति में रखेंगे आधार शिला

शहर में नालंदा फेज-2 में स्टडी विथ फिटनेस का कंसेप्ट लागू किया गया है। यहां विद्यार्थी पढ़ाई के साथ परिसर के भीतर आधुनिक जिम और स्पोर्ट्स जोन का लाभ भी उठा सकेंगे। यह तिमंजिला भवन 5,615 वर्गफीट क्षेत्र में विस्तारित होगा, जिसे भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। नालंदा फेज-2 में एक साथ 1 हजार से अधिक विद्यार्थी बैठकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ ही 90 सीटर एक विशेष तरह का लेक्चर हॉल होगा, जहां विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने बताया कि जिस स्थान पर पहले अव्यवस्थित चौपाटी थी, वहां ज्ञान का मंदिर बनेगा। छात्रों को एक सुरक्षित और शैक्षणिक माहौल मिलेगा। यह रायपुर का तीसरा नालंदा परिसर होगा, जो एनआईटी, आयुष विश्वविद्यालय और साइंस कालेज के आसपास रहने वाले छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी होगा। 23 जनवरी को होने वाले भूमिपूजन समारोह में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर क्षेत्र विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा क्षेत्र विधायक अनुज शर्मा, रायपुर निगम की महापौर मीनल चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### 11, 500 से अधिक किताबों का होगा संग्रह

तिमंजिला स्टडी सेंटर में डिजिटल और फिजिकल लाइब्रेरी की सुविधा विद्यार्थियों को मिलेगी। परिसर में 11,500 से अधिक किताबों का संग्रह होगा, इसके साथ ही एक हाईटेक ई-लाइब्रेरी भी विकसित की जाएगी।

### फ्लोर वाइज विशेष सुविधाएं

- ग्राउंड फ्लोर पर छात्र-छात्राओं के रिलेक्स के लिए कैफेटेरिया, इंडोर गेम्स और प्ले जोन।
- प्रथम, द्वितीय तल : शांत अध्ययन क्षेत्र और मुख्य पुस्तकालय
- तृतीय तल में विशेष रूप से ग्रुप स्टडी के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यहां स्टूडेट आपस में विचार-विमर्श कर सकेंगे। 21 मीटर ऊंचे इस भवन में पार्किंग के लिए अलग से स्पेस रहेगा। यही नहीं, हरियाली के लिए विशेष ग्रीन जोन बनाया जाएगा।

# जारी है मौसम में उतार-चढ़ाव, माना में तीन डिग्री तक उछला पारा

**रायपुर।** प्रदेश के मौसम में अभी उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव पिछले चौबीस घंटे माना का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री तक उछला है। विक्षोभ के प्रभाव से 26 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। अभी सुबह-सुबह ही हल्की ठंड का अनुभव हो रहा है, मगर दिन में पंखा चलाने की आवश्यकता महसूस हो रही है। तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच प्रदेश से ठंड का असर धीमे-धीमे कम हो रहा है। पिछले चौबीस घंटे में रात का तापमान बढ़ोतरी की ओर अग्रसर रहा। रायपुर शहर का न्यूनतम तापमान 14.5 से बढ़कर 16.4 तक पहुंच गया, वहीं माना का तापमान 11.5 से 14.2 हो गया। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 48 घंटे में थोड़ी गिरावट के बाद तापमान बढ़ते क्रम में आएगा और यह दौर 26 जनवरी तक रहने की संभावना है।

- अब 26 जनवरी तक बढ़ेगा तापमान

# रायपुर में भी चला बुलडोजर, बच्ची से रेप के आरोपी का घर जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 9 साल की बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी के सरकारी नजूल की जमीन पर किये गये अवैध निर्माण पर निगम का बुलडोजर गरजा। इस दौरान अवैध निर्माण ढहाने के बाद जेसीबी से मलबा हटाया गया। अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाकर ढहाने की इस कार्रवाई की शहर में चर्चा है। इस कार्रवाई के ▶▶|शेष पेज 14 पर

- आरोपी अब्दुल अंसारी के घर नोटिस चस्पा कर सात दिन के अंदर दस्तावेज प्रस्तुत करने दिए थे निर्देश







कार्रवाई के दौरान पुलिसबल प्रशासन की टीम और पार्षद रहे मौजूद

**चौथी सीधी उड़ान के लिए करना होगा इंतजार**

# क्षीण हुई नवी मुंबई एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवी मुंबई के इंटरनेशल एयरपोर्ट से रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की एयर कनेक्टिविटी की संभावना काफी क्षीण हो गई है। दो महीने पहले एक फरवरी से सीधी उड़ान शुरू होने का शेड्यूल जारी किया गया था, मगर टिकट बुकिंग अब तक शुरू नहीं हो पायी है। यह विदेश यात्रियों के लिए बेहतर कनेक्टिंग फ्लाइट होने के साथ मुंबई के लिए चौथी सीधी उड़ान होती। नवी मुंबई में इंटरनेशल एयरपोर्ट का निर्माण किया गया है, जहां 25 दिसंबर से विमानों की आवाजाही शुरू हो चुकी है और संभवतः एक फरवरी से इसका संचालन चौबीस घंटे किया जाना है। एक फरवरी से रायपुर-नवी मुंबई के बीच सीधी फ्लाइट शुरू किए जाने की योजना थी। नवंबर में देश में सर्वाधिक घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली एयरलाइंस द्वारा इसके लिए शेड्यूल भी जारी किया गया था। इस फ्लाइट की शुरू होने की संभावना के बाद मुंबई का सफर करने वाले यात्रियों को चौथी फ्लाइट का बड़ा विकल्प मिलने की संभावना थी। साथ ही यह विमान उनके लिए भी सुविधाजनक था, जिन्हें दूर देशों की यात्रा करनी है। इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए यह बेहतर कनेक्टिंग फ्लाइट साबित होती। सूत्रों के मुताबिक एक फरवरी से विमान सेवा में बढ़ोतरी की आस थोड़ी निराशा में बदल गयी है। व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि आमतौर पर किसी भी नई फ्लाइट के लिए टिकटों की बुकिंग का काम पंद्रह से बीस दिन पहले शुरू हो जाता है। इस फ्लाइट के लिए बुकिंग नहीं ली जा रही है। उन्होंने बताया कि सीधी फ्लाइट फरवरी के साथ मार्च में नहीं दिखा रहा है, संभवतः समर शेड्यूल में इसे शामिल किया जाए।

- फरवरी में संचालन का जारी हुआ था शेड्यूल, शुरू नहीं हुई टिकट बुकिंग



### भोपाल की फ्लाइट शुरू होगी

नवी मुंबई से रायपुर की उड़ान भले ही केंसिल हो गई हो मगर उसी दौरान की गई भोपाल की सीधी फ्लाइट के शुरू होने की पूरी संभावना है। फरवरी में वाराणसी, पुणे सहित अन्य बड़े शहरों के लिए विमान सेवा प्रारंभ किए जाने की संभावना है। मुंबई के इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो के अलावा अन्य विमानन कंपनियां भी अपनी फ्लाइट का संचालन कर रही हैं।

### पायलट की कमी का असर

सूत्रों के मुताबिक निजी एयरलाइंस कंपनी अभी पायलट की कमी की समस्या से पूरी तरह निजात नहीं पा सकी है। संभवतः इसी वजह से रायपुर से संचालित होने वाली नवी मुंबई की फ्लाइट की शुरुआत फिलहाल नहीं की गई होगी। जारी किए गए शेड्यूल के मुताबिक यह फ्लाइट दोपहर को रायपुर से मुंबई के बीच अपना सफर पूरा करती।

कथा : प्रथम संतान कन्या रत्न के होने पर जीवन में दरिद्रता नहीं आती

# शिव महापुराण की कथा में पं. युवराज ने सृष्टि एवं काल चक्र का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर





ग्राम खिलोरा मे नवदिवसीय शिवमहापुराण कथा के तीसरे दिन राष्ट्रीय कथावाचक पं.युवराज पाण्डेय ने शिवमहापुराण की महिमा का रसपान कराते कहा कि भगवान के एक एक रोम मे करोड़ो ब्रम्हाण्ड है,उम्र गणना हमारा सौ वर्ष देवताओ को एक दिन कहलाता है। जब देवाताओ का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब देवता लोग भी मरते है। समय समय मे देवता बदलते रहते है काल गणना, इन्द्र उस आसन का नाम है वरूण उस स्थान का नाम है,अग्नि उस स्थान का नाम है समय समय मे इन्द्र बदलते रहते है,एक ही इन्द्र देव परमानेंट नही बैठते ,अपने कर्म के अनुसार,पुण्य के अनुसार कुर्सी बदलता रहता है। काल गणना मे सप्त ऋषि भी समय समय मे बदलते रहते है। जब देवाताओ को सौ वर्ष पूर्ण होता है वह ब्रम्हा जी का एक दिन कहलाता है और जब ब्रम्हा जी का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब ब्रम्हा जी निर्वाण लेते है वह भगवान शंकर का एक दिन कहलाता है और जब भगवान शिव का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब वह शिव ज्योति मे समावेश हो जाते है एवं भगवान शंकर का सौ वर्ष नारायण 1 दिन कहलाता है और भगवान नारायण का 100 वर्ष पूर्ण होता है तब एक सृष्टि चक्र पूर्ण होता है।

## श्रीमद भागवत की कथा श्रवण करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के ग्राम सरोरा गोसदन माँ शीतला मंदिर प्रांगण चल रहे श्रीमद भागवत कथा के दुसरे दिन कथा वाचक दंडी स्वामी इंदुभवानन्द तीर्थ महराज ने श्रोताओ को कथा रसपान कराते धुंधकारी की कथा का वर्णन किया। महराज ने आत्मदेव ब्राह्मण और उनकी दुष्ट पत्नी धुंधली तथा उनके पुत्रों गोकर्ण व धुंधकारी के जीवन का वर्णन करते बताया कि कैसे दुष्टता से दुख आता है और भागवत कथा के श्रवण से ही मोक्ष मिलता है, जिसमें देवर्षि नारद और भगवान विष्णु के संवाद कि कथा का बखान किया। धुंधकारी कथा में बताया कि तुंगभद्रा नदी के किनारे आत्मदेव नामक ब्राह्मण अपनी दुष्ट पत्नी धुंधली के साथ रहते थे। वे निःसंतान थे और दुखी रहते थे।एक ऋषि के आशीर्वाद से धुंधली गर्भवती हुई, लेकिन उसने फल अपनी बहन को दे दिया। बाद में, धुंधली ने अपनी बहन के बच्चे (धुंधकारी) को पाला, जो बड़ा होकर दुष्ट और अत्याचारी बन गया। धुंधकारी ने अपने पिता और भाई (गोकर्ण) को कष्ट पहुँचाया, और उसकी माता धुंधली भी उसके अत्याचारों से तंग आकर आत्महत्या कर लेती है। धुंधकारी को मुक्ति नहीं मिली। तब विद्वानों की सलाह पर सूर्य देव ने बताया कि उसे भागवत कथा सुनने से ही मोक्ष मिला .देवर्षि नारद द्वारा मृत्युलोक के प्राणियों के दुख दूर करने का उपाय पूछने और भगवान विष्णु द्वारा भागवत कथा का महत्त्व बताने का प्रसंग बताया।

युवक ने फोन पर अपराध होने की झूठी खबर दी

# झूठ बोलकर आधी रात पुलिस को बुलाया, आरोपी युवक जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



तिल्दा में एक युवक द्वारा तिल्दा पुलिस डायल 112 को झूठी सूचना देना काफी महंगा पड़ गया.पुलिस ने युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर SDM तिल्दा के सामने पेश किया जहा से उसे सलाखों के पीछे जेल भेज दिया। बीती आधी रात को तिल्दा पुलिस डायल 112 में आई एक कॉल के बाद पुलिस महकमें में हडकंप मच गई.. लेकिन सूचना के मुताबिक जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां ऐसा कुछ भी नहीं दिखा .दरअसल तिल्दा पुलिस डायल 112 को वार्ड 19 में रहने वाले एक युवक ने रात 1 बजे सूचना दी की रेलवे पार तिल्दा बस्ती के मौली माता मंदिर के पास एक गंभीर अपराध होने वाला है। उन्होंने जानकारी देते हुए पुलिस को तत्काल मौके पर पहुंचने की बात कही. उधर तिल्दा नेवरा प्रभारी निरीक्षक रमाकांत तिवारी को जैसे ही जानकारी मिली उन्होंने तत्काल स्टाफ को बुलाया और बिना देर किए वे दलबल के साथ मावली माता मंदिर पहुंच गए.. लेकिन वहा ऐसा कुछ भी नही दिखा जिस प्रकार की जानकारी युवक के द्वारा पुलिस को दी गई थी,बावजूद पुलिस काफी देर तक वही रुकी रही।

पुलिस को सूचना देने वाला युवक भी वहां नहीं दिखा. जिस नंबर से युवक ने पुलिस को कॉल कर सूचना दी थी .लेकिन जब पुलिस ने युवक के द्वारा किए गए काल पर जब संपर्क करने कल बेक किया तो उसका नंबर भी बंद मिला.पुलिस ने युवक की खोजबीन कर जब पकड़ा तो उसने पलिस को झूठी सुचना दी थी, बाद में पुलिस ने झूठी रिपोर्ट देने वाले भारत ध्रुव पिता सुखराम ध्रुव 42 सालके विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया जिस पर अनुविभागीय दंडाधिकारी महोदय के द्वारा असमाजिक तत्व का जेल वारंट जारी किया गयाआब युवक केन्द्रीय जेल रायपुर में निरूद्ध है।






## निषाद जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा



**तरपोंगी।** स्थानीय ग्राम तरपोंगी में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। बाजे गाजे के साथ गली भ्रमण करते हुए भब्य शोभा यात्रा निकाली गई। नाव पर सवार श्रीराम,सीता व लक्ष्मण के साथ भक्त गुहा निषाद राज को पतवार के साथ नाव खेते हुये झांकी निकाली गई। इस अवसर पर स्वर धारा मानस परिवार बैहार (आरंग) का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी थे।

## निधन

### बासन बाई देवांगन



**आरंग।** श्याम बाजार आरंग निवासी बासन बाई देवांगन का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम आरंग में किया गया। वे रुपेश देवांगन, सतीश देवांगन एवं की माता एवं शुभम देवांगन की दादी थी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /........./अ-6 (अ)/2025-26

रायपुर, दिनांक 19/01/2026

ग्राम-टिकरापारा प.ह.नं.-70

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद अहमद पिता हाफीज मोहम्मद यासीन निवासी संजय नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में धारित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 128/124 रकबा 0.0140 हे. भूमि आवेदक के द्वारा धारित किया जाता है। उक्त भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम मो.अहमद पिता मो. यासिम दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक का सहीं नाम मोहम्मद अहमद पिता हाफीज मोहम्मद यासीन है। अतः आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेखों में अपना नाम मो. अहमद पिता मो. यासिम के स्थान पर मोहम्मद अहमद पिता हाफीज मोहम्मद यासीन दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/01/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

**नायब तहसीलदार रायपुर**

**शपथ पत्र**

मैं शीतल विट्ठलराव इंगले, उम्र 40वर्ष, पिता श्री विट्ठलराव इंगले निवासी न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ - (1) यह कि मेरा नाम पिता का नाम व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही है। (2) यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उपर वर्णित अनुसार शीलत विट्ठलराव इंगले अंकित है जो कि सत्य एवं वास्तविक है। (3) यह कि मेरे नाम से पासपोर्ट जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम शितल इंगले त्रुटिवश अंकित है। (4) यह कि शिलत विट्ठलराव इंगले एवं शितल इंगले दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के है। (5) यह कि मैं अपना पासपोर्ट हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें मेरा नाम शिलत विट्ठलराव इंगले के नाम से पासपोर्ट जारी किए जाने बाबत् यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। (6) यह कि किसी प्रकार की गलत जानकारी की समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**Shital Vitthalrao Ingale**
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

### भक्त निषाद की जयंती पर शोभायात्रा आज

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सड्डू में 22 जनवरी को भक्त गुहा निषाद राज जयंती का आयोजन रखा गया है। दोपहर 2 बजे शोभा यात्रा, शाम 4 बजे अतिथि सत्कार एवं शाम 5 बजे स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिल्दा जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे होंगे। अध्यक्षता सेवाराम निषाद ग्राम प्रमुख करेंगे। विशिष्ट अतिथि रायपुर जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, जनपद सदस्य शत्रुहन यद्‌दु, सरपंच नंदकुमार साहू, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा आदि होंगे।

### राममंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन व मेला आज

**सिलयारी।** ग्राम बरतोरी (कोदवा) में राममंदिर निर्माण को लेकर श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बन रहा है। इसी कड़ी में, 22 जनवरी सुबह 10 बजे राममंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम एवं परंपरागत मड़ई मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को सहपरिवार सादर आमंत्रित किया है।

### कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

**कूंरा।** 20 जनवरी को धरसींवा में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा के नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष वर्मा का पदभार ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे पूर्व राज्यसभा सांसद श्रीमती छाया वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती अनीता शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष ऊधो वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।




# नवा रायपुर के सेक्टर-7 में फाइव स्टार होटल के लिए 7.84 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में होटल के लिए जमीन सेक्टर-7 में आरक्षित की गई है। 5 सितारा और उससे ऊपर के होटल के लिए ऑनलाइन निविदा जारी की गई है। सेक्टर-7 में 31 हजार 743 वर्ग मीटर जमीन जो लगभग 7.84 एकड़ हैं। एनआरडीए ने उक्त जमीन के लिए ऑनलाइन माध्यम से दूसरी बार निविदा जारी की है। निविदा 9 फरवरी को खोली जाएगी। 31 हजार 743 वर्ग मीटर जमीन के लिए बुलाई गई निविदा में 10 हजार 390 वर्ग मीटर भूमि आरक्षित की गई है। निविदा में भाग लेने वाले समूहों को लिए ईएमडी की राशि 330 लाख रुपए रखी गई है। टेंडर नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के वेबसाईट से डाउनलोड़ किया जा सकता है। निविदा भरने वाले समूह से 5900 रुपए प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में लिया जाएगा। बताया गया है कि निविदा को लेकर 23 जनवरी को प्री बिड की मीटिंग होगी। टेंडर भरने के लिए अंतिम तिथि 6 फरवरी होगी। टेक्निकल बिड के दौरान हार्ड कापी 9 फरवरी को सबमिट किए जाएंगे। उसी दिन टेंडर खोला जाएगा।



### होटल ताज, सर्वर प्रोडिको, लेमन ट्री ने दिखाई दिलचस्पी

जिन समूहों ने इसमें दिलचस्पी दिखाई है उनमें होटल ताज पैलेस , होटल सर्वर प्रोडिको, लेमन ट्री, जिंगारों सहित कई अन्य होटल शामिल हैं जो यहां खोलने के प्रयास में हैं। नया रायपुर और रायपुर शहर के आसपास जगह की तलाश कर रहे हैं।

### नई औद्योगिक नीति के तहत एमओयू साइन

उल्लेखनीय है कि नई औद्योगिक नीति के तहत देश के कई नामी होटल्स समूहों ने छत्तीसगढ़ में व्यवसाय करने पर दिलचस्पी दिखाई थी।राज्य शासन ने नवा रायपुर क्षेत्र में बसाहट बढ़ाने व्यापार और व्यवसाय के अलावा अन्य सेक्टर पर भी ध्यान दे रही है।साय सरकार के द्वारा नई औद्योगिक नीति के तहत होटल व्यवसाय से जूड़े समूहों के साथ एमओयू भी साइन किए गए हैं। उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि करीब पांच से अधिक होटल समूहों ने छत्तीसगढ़ में व्यवसाय की इच्छा जताई है।

# मुख्यमंत्री साय बिलासपुर में करेंगे ध्वजारोहण, मंत्री और सांसद भी होंगे जिला मुख्यालयों में मुख्य अतिथि

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी की सूची, हरिभूमि की खबर पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं अन्य मुख्य अतिथियों द्वारा जिला मुख्यालयों में ध्वजारोहण किये जाने के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है। राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा और मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया जाएगा। राज्यपाल रामेन डेका राजधानी रायपुर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर में ध्वजा रोहण करेंगे। हरिभूमि ने सबसे पहले यह समाचार प्रकाशित किया था कि मुख्यमंत्री बिलासपुर में ध्वजारोहण करेंगे। जिलों में मुख्य अतिथियों के नाम इस प्रकार हैं- बिलासपुर- विष्णुदेव साय, दुर्ग-केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, बस्तर-अरुण साव, सरगुजा-विजय शर्मा, राजनादगांव-डॉ. रमन सिंह, रायगढ़-रामविचार नेताम, गरियाबंद-दयालदास बघेल ,बीजापुर-केदार कश्यप, कबीरधाम-लखनलाल देवांगन, जशपुर-श्याम बिहारी जायसवाल, जांजगीर चांपा-ओपी चौधरी , कोरबा-टंकराम वर्मा, बलरामपुर-रामानुजगंज-लक्ष्मी राजवाड़े, दन्तेवाड़ा-गजेंद्र यादव, बालोद-गुरु खुशवंत साहेब , गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही-राजेश अग्रवाल।



### सांसदों को यहां की जिम्मेदारी

बलौदाबाजार-बृजमोहन अग्रवाल, बेमेतरा-विजय बघेल, मोहला-मानपुर-अं. चौकी- संतोष पाण्डेय, सूरजपुर-चिन्तामणि महाराज, महासमुद-रूपकुमारी चौधरी, सारंगढ़-बिलाईगढ़-राधेश्याम राठिया, सक्ती- कमलेश जांगड़े, नारायणपुर-महेश कश्यप, कांकेर-भोजराज नाग, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर-देवेंद्र प्रताप सिंह।

### इन विधायकों को भी मिली जिम्मेदारी

कोण्डागांव-लता उसेंडी, मुंगेली-पुन्नूलाल मोहिले, कोरिया-भैयालाल राजवाड़े, धमतरी-अजय चंद्राकर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई-राजेश मूणत और सुकमा-किरण देव को मुख्यअतिथि बनाया गया है।

## कांग्रेस ने जारी की 1468 मंडल अध्यक्षों की सूची

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश में पहली बार मंडल कांग्रेस का गठन किया गया है। बूथों को एकजुट करने के लिए 25 से 30 बूथों को मिलाकर मंडल का गठन किया गया है। अब यह मंडल अपने अंतर्गत आने वाले बूथों की निगरानी कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। पीसीसी ने पूरे प्रदेश में 1468 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की है। कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत बनाए गए मंडल अध्यक्षों को लेकर पीसीसी ने सभी मंडलों के पर्यवेक्षक नियुक्त किए थे। उनकी रिपोर्ट के आधार पर मंडल अध्यक्षों का चयन किया गया है। हालांकि यह सूची काफी पहले तैयार कर ली गई थी, लेकिन जिला और ब्लॉक अध्यक्षों की सूची को लेकर देर से जारी की गई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने यह सूची जारी की है।

# कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी से बवाल, देर रात जेल से छोड़ा गया

## पीसीसी अध्यक्ष सहित कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एसआईआर को लेकर सियासी पारा चरम पर पहुंच गया है। मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपों के साथ कांग्रेस ने तहसील कार्यालय में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान हालात उस वक्त बेकाबू हो गए जब पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और झूमा-झपटी हो गई, इसके बाद कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर सीधे सेंट्रल जेल भेज दिया गया। देर रात पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज खुद जेल पहुंचे और गिरफ्तार नेताओं से मुलाकात कर इस कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताया। कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार के कक्ष के सामने जमीन पर बैठकर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि एसआईआर के नाम पर मतदाता सूची से सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम काटे जा रहे हैं। कार्यकर्ताओं का कहना था कि यह पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं, बल्कि भाजपा के इशारे पर चलाई जा रही है। प्रदर्शन के दौरान जब प्रशासन और पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हटाने की कोशिश की तो दोनों पक्षों के बीच झूमा-झपटी शुरू हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हालात तनावपूर्ण हो गए।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मृत्योपरांत अंगदान करने वालों को राजकीय सम्मान देने की मांग

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने साय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राज्य में अंगदान को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक मानवीय पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है कि मृत्योपरांत अंगदान करने वाले व्यक्तियों को "राजकीय सम्मान" प्रदान करने की नीति पर गंभीरता से विचार किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने पत्र में सुरेश खांडवे, अध्यक्ष सर्वधर्म सेवा संस्था, भिलाई की मांग को आगे बढ़ाते हुए उल्लेख किया है कि देश में अंगदान की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वर्तमान में प्रति 10 लाख जनसंख्या पर मात्र 0.34 प्रतिशत लोग ही अंगदान कर रहे हैं। जबकि आंख, किडनी, लीवर जैसे महत्वपूर्ण अंगों की अनुपलब्धता के कारण हर वर्ष लाखों लोगों की असमय मृत्यु हो जाती है। यदि अंगदान को सामाजिक सम्मान और सरकारी मान्यता मिले, तो इस संकट को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### कर्नाटक-तमिलनाडु में राजकीय सम्मान

डॉ. रमन सिंह ने पत्र में यह भी लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य अंगदान के मामले में देश के कई अन्य राज्यों की तुलना में पीछे है, जबकि तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों ने अंगदाताओं को राजकीय सम्मान देने की घोषणा कर उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इन राज्यों में इस निर्णय के बाद अंगदान के प्रति जनजागरूकता और सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

### जनहित को देखते हुए लिए जाएं निर्णय

विधानसभा अध्यक्ष ने अपने पत्र में यह भी बताया कि सर्वधर्म सेवा संस्था के अध्यक्ष सुरेश खांडे द्वारा राज्य में मृत्योपरांत अंगदान करने वालों को राजकीय सम्मान दिए जाने की मांग की गई है, जिसे जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है। डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. /........./अ-6 (अ)/2025-26

रायपुर, दिनांक 19/01/2026
ग्राम-टिकरापारा प.ह.नं.-70

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद अहमद पिता हाफीज मोहम्मद यासीन निवासी संजय नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य में धारित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 128/124 रकबा 0.0140 हे. भूमि आवेदक के द्वारा धारित किया जाता है। उक्त भूमि से संबंधित राजस्व अभिलेखों में आवेदक का नाम मो.अहमद पिता मो. यासिम दर्ज है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। आवेदक का सहीं नाम मोहम्मद अहमद पिता हाफीज मोहम्मद यासीन है। अतः आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेखों में अपना नाम मो. अहमद पिता मो. यासिम के स्थान पर मोहम्मद अहमद पिता हाफीज मोहम्मद यासीन दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 30/01/2026 को स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार
रायपुर

**शपथ पत्र**

मैं शीतल विट्ठलराव इंगले, उम्र 40वर्ष, पिता श्री विट्ठलराव इंगले निवासी न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ - (1) यह कि मेरा नाम पिता का नाम व पता उपर वर्णित अनुसार सत्य एवं सही है। (2) यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उपर वर्णित अनुसार शीलत विट्ठलराव इंगले अंकित है जो कि सत्य एवं वास्तविक है। (3) यह कि मेरे नाम से पासपोर्ट जारी किया गया है जिसमें मेरा नाम शितल इंगले त्रुटिवश अंकित है। (4) यह कि शिलत विट्ठलराव इंगले एवं शितल इंगले दोनों नाम एक ही व्यक्ति के अर्थात् मेरे स्वयं के है। (5) यह कि मैं अपना पासपोर्ट हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसमें मेरा नाम शिलत विट्ठलराव इंगले के नाम से पासपोर्ट जारी किए जाने बाबत् यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। (6) यह कि किसी प्रकार की गलत जानकारी की समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**Shital Vitthalrao Ingale**
न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)

### 100 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प कल

रायपुर। दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार कार्यालय रायपुर 23 जनवरी को पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर सिविल लाइन स्थित कार्यालय में विशेष प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन करेगा। यह कैंप सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा, जिसमें स्क्वेयर बिजनेस सर्विस प्राइवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा कस्टर सपोर्ट एक्जीक्यूटिव के 100 पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र नया रायपुर स्थित सीबीडी बिल्डिंग, सेक्टर-21 रहेगा। इस कैम्प में छत्तीसगढ़ के ऐसे दिव्यांग महिला एवं पुरुष आवेदक शामिल हो सकते हैं, जो बिना व्हीलचेयर के चलने-फिरने में सक्षम हो, कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान रखते हों तथा अंग्रेजी समझने और हिन्दी बोलने-लिखने में सक्षम हो। आवेदकों की आयु सीमा 18 से 27 वर्ष निर्धारित की गई है।

### आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला

रायपुर। शहरी आपदा प्रबंधन में प्रतिरोधक क्षमता पर राजधानी के सिविल लाइन स्थित विश्रामगृह सभागार में 2 दिवसीय कार्यशाला गुरूवार से शुरू हुई। इस मौके पर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि जब वे रायपुर नगर निगम के महापौर थे तब शहर में वाटर सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम, डक्ट सिस्टम पर कार्य करके योजना तैयार की थी।





।। ऊँ नमः शिवाय ।।
नित्यं शुद्धं निराकारं निरालम्बं निरंजनम् ।
नित्यं मुक्तं महादेवं भजामि शरणं शिवम्।।
''बोल कालिया''
नव-दिवसीय संगीतमय
श्री शिव महापुराण कथा
माघ गुप्तनवरात्र, दिनांक 19 से 27 जनवरी 2026 तक
भव्य श्री शिव पार्वती विवाह
24 जनवरी 2026, शनिवार
प्रतिदिन भंडारा
कथा समय : दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक
कथा स्थल
ग्राम-खिलोरा, सेजबहार, पुराना धमतरी रोड
जिला - रायपुर (छ.ग.)
राष्ट्रीय कथा वाचक
छत्तीसगढ़ के गौरव एवं माटीपुत्र
पूज्य पं. श्री युवराज पाण्डेय जी
श्री जगन्नाथ मंदिर, अमलीपदर, देवभोग, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)
विनीत
श्रीमती पुष्पादेवी अग्रवाल
गंगाधर अग्रवाल
निवास - सिग्नेचर होम, मैग्नेटो मॉल के पास,
वी.आई.पी. रोड, रायपुर (छ.ग.)
Hindustan GROUP
संपर्क - 9522269255, 8889556666
श्रद्धालुगण बस सुविधा के लिए संपर्क करे - ईश्वर पटेल -9009328660, संतोष यदु -9977896842, धर्मेंद्र पटेल -9131619464, प्रशांत सिंग भारत -8103657513, विनोद चंद्राकार -9669080802, शरद पटेल -9340358511, जगन्नाथ पटेल-9926188128
समस्त प्रदेशवासी सादर आमंत्रित हैं।

# डीएमई ने जारी की चिकित्सा शिक्षकों के रिक्त पदों की सूची, कालेज स्तर पर होगी संविदा भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चिकित्सा महाविद्यालय में खाली पदों की पूर्ति के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा गंभीरता दिखाई गई है। डीएमई साइट पर डीके अस्पताल सहित सभी दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के रिक्त पदों को सार्वजनिक किया गया है।

इन पदों पर भर्ती के लिए अलग-अलग तारीखों में संस्था स्तर पर साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। मेडिकल कालेजों में खाली रहने वाले पद मान्यता के लिए बड़ा खतरा भी बनते हैं। हर साल एनएमसी से मान्यता के दौरान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में फैकल्टी का अभाव मुद्दा बनता है। इसे लेकर कुछ कालेजों को कई बार जीरो ईयर की चेतावनी जारी की जा चुकी है। कालेज में चिकित्सा शिक्षक सहित अन्य स्टाफ की कमियों को पूरा करने के लिए संस्था स्तर पर वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाता है मगर उनकी कोशिशों को बड़ी सफलता नहीं मिल पाती। सूत्रों के अनुसार इसकी एक वजह स्थानीय स्तर पर भर्ती प्रक्रिया का आयोजन किया जाना है। इस बार चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस भर्ती प्रक्रिया पर दिलचस्पी दिखाई है। उनके द्वारा तमाम दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के साथ डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के सेटअप, खाली और भरे पदों की जानकारी को सार्वजनिक करते हुए इनमें संविदा भर्ती के लिए कालेज प्रबंधन को निर्देशित किया गया है। वर्तमान में सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में चिकित्सा शिक्षकों के 2000 से अधिक पद है इसमें से 1100 से ज्यादा पद है।

- अलग-अलग तारीखों में होगा इंटरव्यू, खाली पद बन सकती है बड़ी समस्या



### जेएन मेडिकल कालेज में 170 पद

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में जूनियर, सीनियर रेसिडेंट सहित चिकित्सा शिक्षकों के 170 पदों पर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जाएगी। इसके लिए 24 जनवरी को चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता कार्यालय में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा शासकीय मेडिकल कालेज दुर्ग में रिक्त पदों में भर्ती तक रोजाना साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है।

## निधन

### महेंद्र पाठक



रायपुर। कंकाली पारा निवासी महेंद्र पाठक का 21 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे कृष्णा पाठक, राजेंद्र पाठक के भाई एवं नीरज, पंकज, शिशिर पाठक के पिता थे।

### लक्ष्मीबाई जैन



रायपुर। अवंति विहार निवासी लक्ष्मीबाई जैन (77) का 20 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. महेंद्र कुमार जैन गोलबाजार वाले की पत्नी, आशीष कुमार जैन की माता और राजेश, अजय जैन की चाची थीं।

### सौरभ रामटेके



रायपुर। कांदुल रोड अविवा प्राइड कॉलोनी निवासी सौरभ रामटेके (45) का 20 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 जनवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे रविलाल व सुनीता रामटेके के पुत्र थे।

### अशोक भट्टाचार्य



रायपुर। कुम्हारपारा चूनाभट्टी निवासी अशोक भट्टाचार्य (68) का 17 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 जनवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुचीत्रा भट्टाचार्य के पति और सुब्रा बनर्जी, ज्योत्सना चटर्जी, नेहा बनर्जी के पिता थे।

### रत्ना बाई अवधिया



रायपुर। पुरानी बस्ती अवधिया पारा निवासी रत्ना बाई अवधिया (68) का 21 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सीताराम अवधिया की पत्नी और शिवेंद्र अवधिया की माता थीं।

### बसंत मोहता



रायपुर। प्रियदर्शनी नगर निवासी बसंत मोहता का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 जनवरी को सुबह 12 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे कृष्णा, निधि, गौरव मोहता के पिता और सुरेश मोहता के बड़े भाई थे।

### हाफिज अब्दुल मन्नान



रायपुर। रामनगर गुढ़ियारी निवासी हाफिज अब्दुल मन्नान (55) का 21 जनवरी को निधन हो गया। उन्हें गुरुवार को जोहर की नमाज केबाद मौदहापारा कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। वे डा. अबु बकर, उमर जमाल, उस्मान हैदर के पिता थे।

## जहां सबसे ज्यादा जरूरी वहीं लागू नहीं, नए सिस्टम को लेकर खड़े हैं कई सवाल

# धरना स्थल नवा रायपुर में, सीएम मंत्रियों के बंगले भी वहीं, लेकिन कमिश्नरी सिस्टम से आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में पहली बार पुलिस कमिश्नरी प्रणाली रायपुर में लागू की गई है, लेकिन खास बात ये है कि धरना स्थल जो नवा रायपुर के तूता में है, नवा रायपुर में ही मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले भी हैं, लेकिन नवा रायपुर के पूरे इलाकों को ही कमिश्नरी प्रणाली से बाहर किया है। इस प्रणाली को लेकर कई सवाल भी उठ रहे हैं।

राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था का केंद्र नवा रायपुर अटल नगर बना हुआ है। यहां मुख्यमंत्री, सभी मंत्रियों के बंगले, मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालय से लेकर विधानसभा तक मौजूद है। यह क्षेत्र छत्तीसगढ़ की प्रशासनिक व्यवस्था के साथ आर्थिक गतिविधियों का केंद्र भी है। लिहाजा ये माना जा रहा है कि यहां कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत और दुरुस्त होनी चाहिए। इसी इरादे से सरकार कमिश्नरी प्रणाली भी लागू कर रही है।



### लेकिन उठ रहे हैं ये सवाल

कमिश्नरी प्रणाली को लेकर सरकार ने ये व्यवस्था तय की है कि रायपुर जिले को नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र में बांटा गया है। लेकिन नवा रायपुर में धरना स्थल घोषित है। विभिन्न आंदोलन, मांगों, को लेकर यहां लोग धरना प्रदर्शन करने आते हैं, इस क्षेत्र में भीड़ अधिक होने के कारण यहां कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होती है। इसलिए ये सवाल उठ रहे हैं कि नया रायपुर को कमिश्नरी से बाहर क्यों रखा गया है। इसके विपरीत एक और सवाल ये कि शहर से लगे बीरगांव को शहरी क्षेत्र घोषित कर शामिल किया गया है। जबकि नगरीय निकाय के हिसाब से ये पूरा एक अलग निकाय क्षेत्र है। इसी क्रम में गौर करने वाली बात ये भी है कि विधानसभा थाना क्षेत्र, धरसींवा और मंदिर हसौद क्षेत्र को रायपुर ग्रामीण में रखा गया है । विधानसभा थाना क्षेत्र की बात की जाए तो इस इलाके में शहरी क्षेत्र की कई कालोनियां आती हैं। लेकिन यह भी कमिश्नरी का हिस्सा नहीं है।

### संगठित अपराध नहीं होते

जानकारों का कहना है कि कमिश्नरी प्रणाली उन इलाकों में कारगर मानी जाती है, जहां संगठित अपराध होते हैं। इस हिसाब से देखा जाए तो रायपुर जिले में इस तरह के संगठित अपराध आमतौर पर नहीं होते। हालांकि पिछले एक-दो साल के दौरान दूसरे प्रदेशों के संगठित गिरोहों ने यहां आकर अपराध करने की कोशिशें की हैं। बहरहाल ये रायपुर के नगरीय इलाकों में ये व्यवस्था लागू करने को लेकर मुख्य तौर पर जो बात सामने आई है वह ये कि कमिश्नरी सिस्टम को एक अत्यंत सीमित दायरे में सिमटा दिया गया है। माना जा रहा है कि भविष्य में इस सिस्टम की समीक्षा होगी और व्यापक बदलाव किए जा सकते हैं।

# यार्ड रीमॉडलिंग का काम, फरवरी में प्रभावित होगी दो ट्रेनों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



ओडिशा रूट में चलने वाली दो पैसेंजर ट्रेनों का संचालन फरवरी के पहले सप्ताह में प्रभावित रहने की संभावना है। रेलवे द्वारा संबलपुर मंडल के आरंग महानदी स्टेशन और टिटलागढ़-लखोली सेक्शन में यार्ड रीमॉडलिंग का काम पूरा किया जाएगा। दोनों पैसेंजर ट्रेन रायपुर से छूटती हैं। रेलवे द्वारा ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने और संसाधनों में बढ़ोतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्यों के कारण ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हो रहा है। ईईस्ट कोस्ट रेलवे के संबलपुर मंडल में सप्ताहभर तक आवश्यक निर्माण पूरे किए जाएंगे। इससे ओडिशा रूट पर आवाजाही करने वाली दो ट्रेन का परिचालन प्रभावित होगा। रायपुर-विशाखापट्टनम-रायपुर के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर ट्रेन के पहिए 31 जनवरी से 4 फरवरी तक थमे रहेंगे। इसी तरह रायपुर-जूनागढ़-रायपुर के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर ट्रेन 31 जनवरी से 5 फरवरी तक आवाजाही नहीं करेगी। दोनों ट्रेनों के नहीं चलने की वजह से दोनों राज्यों के बीच यात्रा करने वालों को थोड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। वहीं संबलपुर रेल मंडल में स्टील गर्डर की लॉन्चिंग की वजह से गुरुवार को रायपुर से विशाखापट्टनम के बीच आवाजाही करने वाली पैसेंजर ट्रेन का संचालन नहीं किया गया।

- ओडिशा रूट में संचालित होती हैं पैसेंजर ट्रेनें

# आरोपी के घर बुलडोजर एक्शन अपनी विफलता छिपाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सरकार अपनी विफलता को छिपाने आरोपी के घर बुलडोजर चला रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, बलात्कार के आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया जाना इस बात का प्रतीक है कि सरकार कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पा रही है। उसे अपराधियों पर नियंत्रण के लिये संविधानेत्तर उपायों का सहारा लेना पड़ रहा है। राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद प्रदेश की कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है। आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में सरकार असफल साबित हो रही है। लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी की घटनाएं विचलित करने वाली हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद राज्य में महिलाएं असुरक्षित हो गयी हैं। प्रदेश में रोज 8 बलात्कार घटनाएं हो रही हैं। सरकार समझ नहीं पा रही है कि आपराधिक घटनाओं को कैसे रोका जाये। कभी पुलिस की प्रणाली में बदलाव कर कमिश्नरी प्रणाली लागू करने की बात की जाती है, तो कभी आरोपी के घर बुलडोजर चलाकर अपनी पीठ थपथपा रहे।

# ऋणमान 66 हजार हेक्टेयर एवं ऋण अनुपात नकद 70 एवं वस्तु 30 प्रतिशत होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के संचालक मंडल की बुधवार को बैठक हुई। इस बैठक में कृषकों की मांग के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषकों के ऋणमान और ऋण अनुपात में संशोधन प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत ऋणमान 66 हजार हेक्टेयर तथा ऋण अनुपात में नकद 70 प्रतिशत एवं वस्तु 30 प्रतिशत किया है। इससे पूर्व ऋणमान 60 हजार हेक्टेयर तथा ऋण अनुपात में नकद 60 और वस्तु 40 प्रतिशत था। इस प्रस्ताव को बैठक में मंजूरी दी गई है। जिला केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पदेन सचिव अपेक्षा व्यास ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी कर बताया कि संचालक मंडल की बैठक में जिला बैंक से संबंधित समितियों के कृषक सदस्यों की मांग आई थी कि वित्तीय वर्ष 2027-26 में ऋणमान के साथ ऋण अनुपात में नकद का प्रतिशत बढ़ाया जाए।

- सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के संचालक मंडल की बैठक में वर्ष 2026-27 में संशोधित प्रस्ताव को मंजूरी

## बिजनेस साइट

# श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हार्ट फेल्योर क्लिनिक एवं हार्ट ट्रांसप्लांट विभाग का शुभारंभ




रायपुर। छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत कमल विहार स्थित श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने दूसरे स्थापना दिवस पर एमजीएम हेल्थकेयर, चेन्नई के सहयोग से हार्ट फेल्योर क्लिनिक एवं हार्ट ट्रांसप्लांट विभाग का शुभारंभ किया। इस पहल से अब गंभीर हृदय रोगों से पीड़ित मरीजों को इलाज के लिए मेट्रो शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रबंधन के अनुसार, हॉस्पिटल में बीते दो वर्षों में 1500 से अधिक सफल हृदय शल्य क्रियाएं की जा चुकी हैं, जिनमें अधिकांश मिनिमली इनवेसिव तकनीक से संपन्न हुई हैं। उद्घाटन अवसर पर एमजीएम हेल्थकेयर के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. के. आर. बालाकृष्णन ने बताया कि रायपुर की मेडिकल टीम को चेन्नई में विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप ट्रांसप्लांट सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। हॉस्पिटल के निदेशकों ने इसे राज्य के लिए नया चिकित्सा युग बताते हुए कहा कि यह पहल हजारों मरीजों के लिए जीवन रक्षक साबित होगी।

### जीके इलेक्ट्रिक का सक्ती में 48वां डीलरशिप आउटलेट 'वंदना इलेक्ट्रिक' शुभारंभ




रायपुर। रायपुर मुख्यालय वाली भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने सक्ती में अपने 48वें अधिकृत डीलरशिप आउटलेट 'वंदना इलेक्ट्रिक' का शुभारंभ किया। यह आउटलेट छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति को और मजबूत करेगा तथा पर्यावरण-अनुकूल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देगा। डीलरशिप का उद्घाटन विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने किया। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स और ऑटो यूनियन से जुड़े प्रतिनिधियों सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर जीके इलेक्ट्रिक के जनरल मैनेजर अमित वर्मा ने वंदना इलेक्ट्रिक के सीईओ देवेश जायसवाल को डीलरशिप प्राधिकरण प्रमाण-पत्र सौंपा। उद्घाटन के दौरान कंपनी ने 4,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की सफल डिलीवरी का कीर्तिमान भी मनाया। जीके इलेक्ट्रिक के निदेशक पुनीत परवानी ने कहा कि कंपनी इस वर्ष 100 से अधिक आउटलेट खोलने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है, जिससे रोजगार, लास्ट-माइल कनेक्टिविटी और हरित परिवहन को बल मिलेगा।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्रॉपर्टी एक्सपो आज

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

रायपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आज होटल मयूरा, राज टॉकीज के पास, जीई रोड में एक दिवसीय प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विभिन्न शाखाओं की कुल 40 संपत्तियों की नीलामी की जाएगी। आयोजन के दौरान नीलामी हेतु उपलब्ध संपत्तियों से संबंधित संपूर्ण जानकारी संभावित खरीदारों को उपलब्ध कराई जाएगी। यह एक्सपो सरफेसी अधिनियम 2002 के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों की बैंक संपत्तियों का पारदर्शी एवं सुगम तरीके से विक्रय करना है। उपलब्ध संपत्तियों की विविधता को देखते हुए रियल एस्टेट निवेशकों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति की संभावना जताई जा रही है।

# शंकराचार्य के अपमान के विरोध में कांग्रेस का धरना, उत्तर प्रदेश सरकार का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के साथ माघ मेला में शाही स्नान पर किए गए दुर्व्यवहार, मारपीट एवं अपमानजनक आचरण को लेकर बुधवार को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ने राजीव गांधी चौक के पास धरना प्रदर्शन किया। अंत में उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया और मांग की गई कि घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो तथा धर्मगुरुओं और साधु संतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने आरोप लगाया कि भाजपा लगातार धर्मगुरुओं का अपमान करती आ रही है। पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान श्रीराम को छोटा और स्वयं को बड़ा दिखाकर विज्ञापन बनाए गए। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी द्वारा गौ माता के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। जर्मन चांसलर के साथ भगवान हनुमान के चित्र का अपमान किया गया और अब उत्तर प्रदेश सरकार के संरक्षण में शंकराचार्य एवं उनके शिष्यों-साधुओं के साथ मारपीट की गई। यह सब भाजपा की सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर करता है।



### ये थे उपस्थित

प्रमोद दुबे, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, ज्ञानेश शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, एजाज ढेबर, शिव सिंह ठाकुर, विनोद तिवारी, मदन तालेडा, अजीत कुकरेजा, मनोज कंदोई, हीरेंद्र देवांगन, सुनील कुकरेजा, देव कुमार साहू, अविनय दुबे, मुन्ना मिश्रा, सोमेन चटर्जी, दिलीप सिह चौहान, संदीप तिवारी, ओम श्रीवास, मिलिंद गौतम, अमित शर्मा, राज देवांगन, सुयश शर्मा, कमल धृतलहरे आदि उपस्थित थे।

# श्रीराम के श्रीविग्रह स्थापना दिवस पर भंडारा आज



रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में भगवान श्रीराम के श्रीविग्रह स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 22जनवरी को भव्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दोपहर 12 बजे से सवामणी का महाभोज, दोपहर 1 बजे से महाप्रसादी वितरण, शाम 7.30 बजे आरती होगा। आयोजन में अन्न धन का सहयोग देने वाले भक्तगण दिनांक 21 जनवरी तक सहयोग कर और सहपरिवार सम्मिलित हो आयोजन को सफल बना पुण्य के भागी बनें। यह जानकारी हनुमान गढ़ी पचपेड़ी नाका रायपुर के स्थापक एवं विचारक पं. राजेंद्र पाण्डेय ने दी।

## पेज 11 के शेष ...

### पानी का हिसाब निराला, 260...

रही है। नगर निगम द्वारा अमृत मिशन के तहत शहर के कई इलाकों में नई पाइप लाइन बिछाने और इंटर कनेक्शन देने तथा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 14 वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर 176 किलोमीटर की नई पाइप लाइन बिछाई गई है। अमृत मिशन के तहत नई व पुरानी दोनों तरह की पाइप लाइन से जल आपूर्ति हो रही है। इसी तरह रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी ने मोतीबाग और गंज पानी टंकी से कनेक्ट 14 वार्डों में सुबह-शाम जल आपूर्ति शुरू की है। इसके बाद भी ब्राम्हणपारा वार्ड के धोबीपारा, ढीमरपारा और सोहागा मंदिर के पीछे सहित आसपास के क्षेत्रों में पानी का प्रेशर बेहद कम है। जबकि यहां पर नई पाइप लाइन से पानी दिया जा रहा है। इसी तरह सदरबाजार वार्ड में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत बिछाई गई नई पाइप लाइन से पानी आपूर्ति में समस्या आ रही है। इसलिए यहां पुरानी पाइप लाइन से भी पानी की आपूर्ति हो रही है। हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के मौदहापारा इलाके में भी नई पाइप लाइन बिछाने के बाद पानी का संकट बना हुआ है।

### योग आयोग से फाइलें गायब...

गायब हैं। बताया गया है कि आयोग के तत्कालीन सहायक वर्ग 3 महेंद्र सिंह ने 21 मई 2025 को लिखे पत्र में स्पष्ट रुप से कहा है कि कार्यालय की कोई भी नस्ती उनके संरक्षण में नहीं है और कई जरुरी फाइलें जैसे भंडार पंजी, आवेदन पत्र, योग दिवस आयोजन से जुड़ी नस्तियां कर्मचारियों ने अपने पर रख ली हैं। इन नस्तियों की मांग करने पर भी कार्यालयी कर्मियों द्वारा जानकारी नहीं दी जा रही है।

### रायपुर में भी चला ...

दौरान पुलिस बल, जिला प्रशासन और वार्ड पार्षद मौजूद रहे। बच्ची से रेप के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी ने लगातार 5 दिनों तक रेप किया था। आरोप है कि वह बच्ची को चाकलेट देने के बहाने अपने घर ले गया और लगातार 5 दिनों तक दुष्कर्म करता रहा। शहर की प्रथम नागरिक महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर टीम प्रहरी अभियान अंतर्गत रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश और निगम आयुक्त विश्वदीप तथा एसएसपी डॉ. लाल उमेंद्र सिंह के निर्देश पर गुरु गोविंदसिंह वार्ड क्षेत्र के झंडा चौक पंडरी के पास नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी के शासकीय नजूल भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। अवैध निर्माण के लिए नियम अनुसार तीन नोटिस देने के बाद इसे तोड़ा गया। कुल 700 वर्गफीट शासकीय नजूल भूमि कब्जा मुक्त की गई। इस दौरान अवैध निर्माण कर बनाई गई 2 दुकान और एक मकान को तोड़कर शासकीय नजूल भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान रायपुर तहसीलदार राममूर्ति दीवान, नगर निगम जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में जोन 3 कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज सहित नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता टीम के संबंधित कर्मचारी और पुलिस बल की उपस्थिति रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि आवश्यकता है inh 24x7
रायपुर, छत्तीसगढ़ स्थित सैटेलाइट न्यूज चैनल inh के लिए
पी सी आर
ऑनलाइन स्विचर, साउंड इंजीनियर
सी.जी.ऑपरेटर, पैनल प्रोड्यूसर
एम सी आर
ट्रांसमिशन ऑफिसर
ट्रेनीज़
विभिन्न विभागों में ट्रेनी कार्य हेतु फ्रेशर्स सम्पर्क करें
अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
inhnewshr@gmail.com
9303492276
9522283349

02



रामलला की आस्था में साधु-संत ...

## सिटी लाइव

## ट्रिपल आईटी में 21वां छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन में शोधार्थियों को मिलेगा मंच




**रायपुर।** ट्रिपल आईटी में 21वां छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन- 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 17-18 मार्च को ट्रिपल आईटी नवा रायपुर में हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ के युवा शोधकर्ताओं के लिए स्वर्णिम अवसर होगा। इसमें विजेता को 21,000 रुपए पुरस्कार एवं राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में दो माह का शोध अवसर मिलेगा। छत्तीसगढ़ के युवा वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के लिए 21वां छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित मंच प्रदान करने जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं ट्रिपल आईटी नया रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य युवा शोधकर्ताओं को आर्थिक प्रोत्साहन, राष्ट्रीय स्तर पर शोध अनुभव और अकादमिक पहचान प्रदान करना है। सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. कवीश्वर प्रशांत (महानिदेशक छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद) ने बताया कि छत्तीसगढ़ युवा वैज्ञानिक सम्मेलन राज्य की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिकों की पहचान कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस सम्मेलन के माध्यम से हम राज्य की विकास आवश्यकताओं से जुड़े मौलिक, नवोन्मेषी और गुणवत्तापूर्ण सोच को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

### शोध पत्र प्रस्तुति एवं पात्रता

शोध पत्र प्रस्तुति एवं पात्रता सम्मेलन पंजीकरण एवं सार प्रस्तुति प्रारंभ हो चुकी है। एकल लेखक शोध पत्र प्रस्तुति की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। प्रस्तुत शोध पत्र मौलिक होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में किया गया होना चाहिए, पूर्व में प्रकाशित नहीं होना चाहिए। सभी शोध पत्रों की प्लेजरिज्म जांच की जाएगी।

### सम्मेलन में शोधार्थी 20 विषयों पर दे सकेंगे प्रस्तुति

शोध का विषय कृषि विज्ञान, कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी, जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, जैव रसायन, जैव सूचना विज्ञान एवं जैव चिकित्सा विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी एवं वायुमंडलीय विज्ञान, रासायनिक अभियांत्रिकी, कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, उपकरण विज्ञान, सिविल एवं वास्तुकला अभियांत्रिकी, विद्युत, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार अभियांत्रिकी, यांत्रिक, मेकाट्रॉनिक्स एवं उत्पादन अभियांत्रिकी, पर्यावरण विज्ञान, पर्यावरण अभियांत्रिकी एवं वानिकी, गृह विज्ञान एवं व्यवहार विज्ञान, जीवन विज्ञान, गणितीय एवं सांख्यिकीय विज्ञान, वैदिक गणित, चिकित्सा एवं औषधि विज्ञान, भौतिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन एवं दुग्ध प्रौद्योगिकी, खनन, धातुकर्म एवं अनुप्रयुक्त भूविज्ञान, छत्तीसगढ़ की स्वदेशी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर होगा।

## एग्जाम अलर्ट

## परीक्षा में सरल प्रश्नों को पहले हल करें, न बदलें प्रश्नों का क्रम



**रायपुर।** बोर्ड परीक्षाओं की तिथि घोषित हो चुकी है। कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से 13 मार्च तक, 12वीं की परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक होंगी। वहीं, 5वीं बोर्ड परीक्षा 16 मार्च और 8वीं की 17 मार्च से शुरू होंगी। ऐसे में परीक्षा की तैयारी के साथ परीक्षा कक्ष में उत्तर पुस्तिका लिखने के सही ढंग और क्रम मूल्यांकनकर्ता को जांचने में सहायक होते हैं। प्राचार्य एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल के विषय समिति के संयोजक मनीष गोवर्धन ने अपने 32 वर्षों के अनुभव को साझा करते हुए बताया कि परीक्षा हाल में प्रश्न पत्र मिलने पर पहले 10 मिनट पेपर अच्छे से पढ़ें, ताकि यह मार्क कर सकें कि कौन से प्रश्नों के उत्तर अच्छे से याद है। प्रश्न पत्र हल करने का क्रम प्रारंभ से जिस क्रम में प्रश्न दिया है, उसी क्रम में उत्तर लि खें । क यों कि , मूल्यांकनकर्ता को उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर अंक प्रविष्ठ करना होता है।

### ताकि मूल्यांकनकर्ता को नंबर देने में आसानी हो

पहले चरण में आसानी से बनने वाले प्रश्नों को हल कीजिए, जो अच्छे से याद हैं। किसी प्रश्न का उत्तर नहीं बन रहा है, तो उसके लिए उत्तर की शब्द सीमा के अनुसार स्थान छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। प्रथम चरण के बाद आत्मविश्वास की वृद्धि होती है, उसके बाद उन प्रश्नों को हल करना प्रारंभ कीजिए, जो याद है। लेकिन, समय का विशेष ध्यान रखें। दोनों चरणों के बाद बचे हुए समय में उन प्रश्नों को हल करने का प्रयास करें, जिसके लिए स्थान छोड़ा है। उत्तर क्रमांक और आवंटित अंक का जिक्र प्रश्नों पर शीर्षक के रूप में अंकित करना चाहिए, ताकि मूल्यांकनकर्ता को नंबर देने में आसानी हो। हर प्रश्न को हल करने के बाद दो लाइन छोड़कर ही अगले प्रश्न को हल करना चाहिए।

● 26 जनवरी के लिए बाजार में नेशनल फ्लैग, बैच, ड्रेसेस और स्टेशनरी सामग्रियों की खरीदारी

# गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगने, तिरंगे थीम की आउटफिट में फैंसी ड्रेस, टी-शर्ट का बढ़ा क्रेज

गणतंत्र दिवस को लेकर बाजार में रौनक देखने को मिल रही है। शहर के स्टेशनरी की दुकानें जहां तिरंगा झंडा, बैच, कैप, स्टीकर व सजावटी सामानों से सज गई हैं, वहीं समारोह में राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगने स्कूली बच्चों में थीम बेस्ड फैंसी ड्रेसेस तो बड़े लोगों में सलवार-कुर्ती, साड़ी, टी-शर्ट, कुर्ता, जैकेट जैसे आउटफिट की खरीदारी हो रही है।



**रायपुर।** शहर के गोल बाजार, पुरानी बस्ती, सदर बाजार, संतोषी नगर स्थित स्टेशनरी दुकानों, फैशनहाउस, किराया ड्रेस दुकानों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस देशभक्ति के जश्न में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस दौरान विशेषकर स्कूल, कॉलेजों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें छात्र-छात्राएं राष्ट्र भक्ति थीम पर विशेष गेटअप के ड्रेस में प्रस्तुति देते हैं। इसमें देश के महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानियों, सेना के जवानों, किसान आदि गेटअप में देशभक्ति से सराबोर नजर आते हैं। ऐसे में वे बाजारों से अपने-अपने थीम व पसंद के अनुसार आउटफिट, सजावटी सामान की खरीदारी में जुट गए हैं।



### स्टेशनरी की दुकानों पर उमड़ी भीड़

गोलबाजार स्थित स्टेशनरी दुकान के संचालक विवेक गुप्ता ने बताया कि दुकानों में तिरंगा झंडा, कैप, ब्रोच और स्टिकर्स, गुब्बारे विशेष रूप से स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में देशभक्ति से जुड़ी सामग्री खरीद रहे हैं। बच्चों में तिरंगा कैप, झंडे और ब्रोच के प्रति विशेष आकर्षण हैं। शहर के विभिन्न स्कूलों और सामाजिक संगठनों में भी गणतंत्र दिवस की तैयारियां चल रही हैं। बच्चे देशभक्ति गीतों की रिहर्सल और परेड की प्रैक्टिस में व्यस्त हैं, जिससे पूरे शहर में उत्सव का माहौल बन गया है। स्टिकर, गुब्बारा, पगड़ी आदि की मांग अधिक है। पर्व को देखते हुए पहली बार तिरंगा हेयर बैंड, झालर, गजरा, लड़ी आदि मंगाए हैं। स्कूल, संस्थानों, वाहनों, घरों को सजाने के लिए भी लोग सजावटी सामग्री खरीद रहे हैं।



### देश के महानायकों, सेना के जवानों के ड्रेस की डिमांड

पुरानी बस्ती स्थित किराया ड्रेस दुकान के संचालक देवव्रत सिंह ने बताया कि स्कूली बच्चों के पेरेंट्स, टीचर्स, कॉलेज के स्टूडेंट्स देश के महानायकों के गेटअप वाली ड्रेसेस व देशभक्ति थीम के किराए की फैंसी ड्रेस की डिमांड कर रहे हैं। 100 से 500 रुपए तक एक दिन के किराए के चार्ज के हिसाब से अलग-अलग थीम के गेटअप वाली ड्रेस ले जा रहे हैं। इनमें झांसी की रानी, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सेना के जवानों और नेताओं के ड्रेस मुख्य हैं। इसके अलावा अन्य युवा व बड़े भी समारोह के लिए ड्रेस रेंट पर ले रहे हैं।




### टीशर्ट, साफा और ड्रेसेस की मांग

पुरानी बस्ती रोड स्थित फैशन हाउस के संचालक अरविंद वर्मा ने बताया कि इस समय दुकानों पर युवा, बच्चे, बड़े सभी तिरंगे थीम पर आउटफिट खरीदने पहुंच रहे हैं। इनमें तिरंगा टोपी, टीशर्ट, साफा, कुर्ता, जैकेट, साड़ी, फैंसी ड्रेस की खूब मांग हो रही है।



## सैफायर प्रीमियर लीग का भव्य आयोजन पेश की सामुदायिक एकता की मिसाल

### एसपीएल में क्रिकेट टूर्नामेंट में सैफायर सुपरस्टार्स बनी विजेता



**रायपुर।** विधानसभा रोड स्थित सैफायर ग्रीन्स में सैफायर प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल खेल भावना का उत्सव रहा, बल्कि आपसी भाईचारे, सहभागिता और सामुदायिक एकता का सशक्त उदाहरण भी बना।

इस टूर्नामेंट में सैफायर ग्रीन्स की 8 टीमों ने भाग लिया। इस प्रकार कुल 88 खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 लीग मैच, 2 क्वालिफायर, 1 एलिमिनेटर एवं 1 फाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबलों के बाद टीम सैफायर सुपरस्टार्स ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। टीम की कप्तानी शरद कंकानी ने की, जबकि टीम ओनर के रूप में सुभाष अग्रवाल एवं सुमित उपाध्याय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एसपीएल का मूल संदेश यही रहा कि टीम कोई भी जीते, जीत सैफायर की ही होती है। यह आयोजन इस बात का प्रमाण है कि सैफायर ग्रीन्स एक ऐसी कम्युनिटी है जो एकता, सहयोग और सकारात्मक सहभागिता में विश्वास रखती है। सैफायर प्रीमियर लीग ने सभी आयु वर्ग के निवासियों को जोड़ते हुए खेल के माध्यम से सामाजिक समरसता को मजबूत किया और आने वाले वर्षों में ऐसे और भी आयोजनों के लिए प्रेरणा प्रदान की।

## किड्स ने हम तो झोला उठा कर चले... रघुपति ..पर मचाई धूम

**रायपुर।** शहर के टाटीबंध स्थित श्री किड्स स्कूल के वार्षिक उत्सव का रंगारंग आयोजन सामुदायिक भवन कबीर नगर में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में दीप्ति प्रमोद दुबे एवं विशेष अतिथि के रूप में पार्षद भगतराम हरवंस शामिल हुए। साथ ही किड्स स्कूल की विभिन्न ब्रांचों के प्रिंसिपल की अगुवाई में प्रतिभागी किड्स भी आयोजन का हिस्सा बने। सड्डू ब्रांच से दिव्या पांडे, भिलाई- 3 ब्रांच से लक्ष्मी कुमारी, माना ब्रांच से अलका बापट और बिरगांव ब्रांच से धनश्री पांडे की उपस्थिति रही। जहां किड्स ने हम तो झोला उठा कर चले...,रघुपति राघव राजा राम....,स्कूल नहीं जाना मम्मा... की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में पालकों को भी गुदगुदाया।




### रीमिक्स पर बच्चों ने काला चश्मा..गीत पर किया डांस

इसके बाद रीमिक्स गीतों पर बच्चों ने काला चश्मा ....,लाल घाघरा ..., इंडिया जीतेगा...जैसे सॉन्ग्स पर अपनी डांस प्रस्तुति से लोगों से वाहवाही लूटी। जे. जस्सीनाथन ने पियानो पर विभिन्न गीतों की धुन बजाते हुए लोगों को बेहतर माहौल दिया। इसकी प्रशंसा सभी आए हुए अतिथियों एवं पालकों ने भी किया। स्कूल की प्रिंसिपल कविता बनवासी के साथ स्कूल की शिक्षिका अन्नपूर्णा तिवारी, कल्पना पांडे, नेहा राव, मनोरमा गुप्ता एवं मोनिका साहू ने बच्चों की तैयारी में कड़ी मेहनत की, इसकी सराहना कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने भी किया।

कार्नर न्यूज

नवा रायपुर में करोड़ों की लागत से बनने जा रहा चित्रोत्पला नाम से फिल्म सिटी

# चित्रोत्पला फिल्म सिटी से मिलेगा छत्तीसगढ़ी फिल्मों, नाटकों और पर्यटन को नया आयाम

राज्य की पहली फिल्म सिटी निर्माण का सपना जल्द साकार रूप लेगा। नवा रायपुर अटल नगर के माना-तूता में राज्योत्सव स्थल के पास लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में 400-500 करोड़ में चित्रोत्पला नाम से फिल्म सिटी बनेगा। इस सप्ताह इसका भूमिपूजन किया जाएगा। इसके बाद चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरू होगा।



**रायपुर।** मुंबई की एक कंपनी पीपीपी मॉडल पर फिल्म सिटी का निर्माण करेगी। इस फिल्म सिटी निर्माण से फिल्म मेकिंग और फिल्म टूरिज्म के लिए अपार संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। फिल्म सिटी बनने से आसपास बसाहट, निवेश और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के साथ ही छत्तीसगढ़ी फिल्मों, नाटकों और पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में फिल्म सिटी निर्माण और पर्यटन विकास के लिए राज्य शासन के प्रस्ताव पर केंद्र ने भी राशि मंजूर की है। यहां अधोसंरचना, इंडोर सुविधाएं रहेंगी।

### प्री और पोस्ट प्रोडक्शन के लिए बनेंगे भवन

फिल्म सिटी में फिल्म निर्माण और शूटिंग के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। यहां कई अस्थायी और स्थायी सेट्स बनाए जाएंगे। इनमें स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, जेल, फूड कोर्ट और रेस्टोरेंट आदि शामिल हैं। तालाब, उद्यान, नदी, पर्वत, सहित अन्य लोकेशन विकसित किए जाएंगे। शूटिंग के दौरान फिल्म निर्माताओं और कलाकारों के ठहरने के लिए आवास की व्यवस्था होगी। इसके अलावा स्टूडियो, प्री प्रोडक्शन और पोस्ट प्रोडक्शन के लिए भी भवन बनेंगे।

### इस सप्ताह भूमिपूजन प्रस्तावित

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अधिकारियों ने बताया कि नवा रायपुर में फिल्म सिटी निर्माण के लिए टेंडर फाइनल हो चुका है। फिल्म सिटी के निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों इस सप्ताह को किया जाना प्रस्तावित है। आउटडोर शूटिंग, कन्वेंशन सेंटर आदि का निर्माण भी किया जाएगा।

**सिटी लाइव**

## वीर सपूत हेमू कालाणी के बलिदान को किया याद



रायपुर। देश के वीर सपूत हेमू कालाणी की 83वीं पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में 21 जनवरी बुधवार को सुबह साढ़े 10 बजे हेमू कालाणी चौक पर मनाई गई। अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा और भरत पमनानी ने बताया कि इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, सचिदानन्द उपासने, रमेश सिंह ठाकुर, कृतिका जैन, अमर गिदवानी, सचिन मेघानी, अनामिका सिंह, महंत सद्गुरु अनंतपुरी गोस्वामी के सेवादारी नानक भाऊ, गोबिन्द साधवानी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज देश के वीर सपूत हेमू कालाणी का बलिदान दिवस मनाना गौरव की बात है।

### पुष्पांजलि की गई अर्पित

इसमें सभी देश भक्तों व समाज के प्रमुखजनों ने पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए आयोजन का हिस्सा बने। समिति संरक्षक त्रिलोक चंद चिमनानी और प्रेम बिरनानी, कोषाध्यक्ष अमित वलेचा ने कहा कि संस्था के संरक्षक त्रिलोक चंद चिमनानी की धर्मपत्नी सुशीला देवी का निधन 4 दिन पूर्व हुआ है, उनके प्रति शोक व्यक्त करते हुए सभा ने श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा। किशोर आहूजा ने कार्यक्रम का संचालन व आभार व्यक्त किया।

**इवेंट लाइव**

## सरस्वती चौक पर आज शाम सजेगी कवियों की महफिल

**रायपुर।** पारंपरिक रूप से इस साल भी सरस्वती क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ी हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। गुरुवार की शाम सात बजे से समिति के तत्वावधान में बसंत पंचमी के अवसर पर हास्य कवियों की महफिल सजने वाली है। इस सम्मेलन का आयोजन परंपरागत रूप से किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए रमेश यदु ने बताया कि इस बार होने वाले छत्तीसगढ़ी हास्य कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से डॉ. मन्नू लाल यदु (गीतकार), यशवंत यदु (हास्य कवि), मिनेश साहू (गीतकार), रिक्की बिंदास (वीर रस), राजू छत्तीसगढ़िया (कविता), सुमन शर्मा बाजपेयी और उत्तम देवहरे (श्रृंगार रस) की कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर करने वाले हैं। इस आयोजन का रसिक श्रोताओं को हर साल इंतजार रहता है।

### गरिमामय माहौल में निभाई जाएगी परंपरा

उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन की विशेषता भी यही है कि इसमें शामिल होने वाले कवियों एवं कवयित्रियों द्वारा छत्तीसगढ़ी में काव्य पाठ करते हुए श्रोताओं को गरिमामय माहौल देने की परंपरा निभाई जाती है। इस श्रृंखला में इस बार कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी होंगे और अध्यक्षता प्रकाश शर्मा करेंगे। विशिष्ठ अतिथि सोमेश पाण्डे मंचस्थ होंगे। श्रोताओं को अच्छा माहौल देने के साथ ही छत्तीसगढ़ी में किए जाने वाले काव्य पाठ को सुनने हर साल बड़ा वर्ग आयोजन का हिस्सा बनता है। इसको देखते हुए पर्याप्त बैठक व्यवस्था की जाएगी।

**समाज इवेंट**

## भक्ति, शक्ति और सदाचार का संगम, उत्तम चरित्र ही सदाचार



रायपुर। दक्ष यज्ञ विध्वंस, शक्तिपीठों की उत्पत्ति, तारकासुर का अत्याचार, सती प्रसंग एवं शिव-पार्वती विवाह सहित भक्ति, शक्ति और साधना की सफलता को लेकर कथा प्रसंग को सुनने श्रोताओं की भीड़ रही। लोकमान्य सोसायटी गोलचौक के पास आयोजित श्रीमद् भागवत कथा को प्रसंगवत करते हुए भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बुधवार को कहा कि भक्ति, शक्ति और सदाचार का संगम इस दौर में बहुत कम देखने को मिलता है। मुख्य यजमान सुमन आनंद शर्मा ने गुप्त नवरात्रि के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया है। जहां महाराज ने कहा कि साधना की सफलता केवल मंत्रों के जाप में ही नहीं, बल्कि साधक के चरित्र और सदाचार में भी निहित है। सदाचार विहीन साधना न केवल निष्फल होती है, बल्कि अनिष्टकारी भी सिद्ध होती है। देवी महात्म्य के साथ माता पार्वती और भगवान शिव विवाह में उल्लास का माहौल निर्मित हुआ।

### ऋतु परिवर्तन के दौर में संयमित जीवन जरूरी

पंडाल में जैसे ही भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिरूप झांकी का आगमन हुआ, हर- हर महादेव का नारा गूंजने लगा। भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के जयकारे श्रोताओं ने लगाए। इससे उमंग और उत्साह का माहौल कथा पंडाल में निर्मित हुआ। कथा में कन्या पूजन का विशेष आयोजन किया गया, जिसने सनातन संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। महाराज ने बताया कि नवरात्रि केवल व्रत-उपवास का पर्व नहीं, बल्कि खगोलीय और भौगोलिक ऊर्जा के संधिकाल में स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से ऊर्जामय बनाने का विज्ञान है। ऋतु परिवर्तन के दौर में संयमित जीवन और मंत्र साधना से आत्म बल का विकास होता है।

**अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को महोत्सव का रूप देने आज होंगे विविध आयोजन**

# रामलला की आस्था में साधु-संत करेंगे भजन, गोधुलि बेला में श्रृंगार के बाद भक्त सजाएंगे दीपों की श्रृंखला

'अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दो साल पहले किए गए प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को इस साल भी महोत्सव की तरह मनाने की तैयारी शहर के मंदिरों में ही नहीं, बल्कि अलग-अलग स्थानों पर भी की गई है। रामलला की आस्था में श्री दूधाधारी मठ और श्री जैतूसाव मठ में गुरुवार को गोधुलि बेला में दीपों की श्रृंखला सजाई जाएगी। वहीं, साधु-संत भजन-कीर्तन से श्रद्धालुओं को जोड़ेंगे। संगीत महोत्सव के साथ हिंदू सम्मेलन में राम की गाथा आकर्षण का केन्द्र होगी। इसके अलावा गुरुवार को इस पावन अवसर पर आस्था स्थलों में भक्त भजन-कीर्तन भी करेंगे।'

रायपुर। शहर में रामलला के स्थापना दिवस (संभवतः 22 जनवरी 2024) को लेकर उत्साह का माहौल है। इस कड़ी में पुरानी बस्ती क्षेत्र में स्थित श्री जैतूसाव मठ एवं श्री दूधाधारी मठ प्रांगण में गुरुवार की शाम भक्तिमय माहौल बनने वाला है। महंत रामसुन्दर दास ने बताया कि दोनों मठों में संत-महंतों द्वारा भजन-कीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर आस-पास की महिला मंडली भी भजन गायन के लिए आती हैं। इस बार भी गोधुलि बेला में आराध्य देव की आस्था में दीपदान किया जाएगा। इस अवसर को आसपास के भक्त परिवार आपसी तालमेल से भी खास स्वरूप देते हैं। उन्होंने कहा कि इस पल का इंतजार लंबे समय तक करना पड़ा। इसलिए भी श्रद्धालु इस दिवस को भक्तिमय स्वरूप देने के लिए मंदिरों में विधि-विधान से पूजा, श्रृंगार और अभिषेक का भी आयोजन करते हैं।




### संगीतमय प्रस्तुति से सजेगा उत्सव मंडप

उत्सव मंडप में इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कलाकार मोहित शेवाणी द्वारा 'गाथा श्रीराम मंदिर की' भावपूर्ण एवं प्रभावशाली संगीत के साथ प्रस्तुत की जाएगी। यह आयोजन 'सुहिणी सोच' की संस्थापक श्रीमती तारवानी, अध्यक्ष पल्लवी चिमनानी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इसको सफल बनाने के लिए गठित आयोजक टीम में दीक्षा बुधवानी, रेणु कृष्णानी, माही बुलानी, जुही दरयानी एवं मेघा पंजवानी सक्रिय भूमिका निभाएंगी। इस संगीतमय संध्या में शामिल होने वाले लोगों को बैठक व्यवस्था देने के लिए तैयारी की गई है।

### सुहिणी सोच एवं समिति करेगी सम्मेलन



राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं 'सुहिणी सोच' के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दू सम्मेलन एवं 'गाथा श्रीराम मंदिर की' शीर्षक से एक भव्य संगीतात्मक महागाथा का आयोजन गुरुवार को शाम साढ़े 5 बजे किया जाएगा। वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर चौक, महर्षि वाल्मीकि उत्सव मंडप में यह आयोजन किया जाएगा। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। इसमें विशेष अतिथि के रूप में युधिष्ठिरलाल, नरेंद्र जैन एवं मनीषा तारवानी की उपस्थिति रहेगी। आयोजन के अध्यक्ष समाजसेवी एवं धार्मिक चेतना के प्रेरक बृजलाल गोयल (अध्यक्ष श्री राम मंदिर समिति, रायपुर) होंगे।



### भगवान राम के आराध्य का होगा श्रृंगार

खारून तट पर स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर में भगवान राम के आराध्य महादेव का आकर्षक श्रृंगार दोपहर दो बजे से शुरू होगा। इसका दर्शन भक्त शाम 4 बजे के बाद कर सकेंगे। महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी विशेष श्रृंगार करने के बाद भक्तों की उपस्थिति में शाम को दिव्य आरती की जाएगी। दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को महादेव आकर्षक स्वरूप में दर्शन देंगे। अवसर की महत्ता के चलते भक्त परिवार महादेव का अभिषेक भी करवाते हैं। इससे दिनभर रहने वाले भक्तिमय माहौल के लिए तैयारी की गई है।

### इन मंदिरों में भी रहेगा उत्सव का माहौल

रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर प्रांगण में राम दरबार आकर्षण का केन्द्र रहेगा। इस साल भी भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसी तरह मंडी चौक स्थित राम जानकी मंदिर में भी भजन-कीर्तन के साथ आराध्य देव श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा दिवस को खास अवसर के रूप में मनाने की तैयारी है। भनपुरी और बिरगांव के प्रमुख मंदिरों में भी भक्तिमय माहौल रहेगा। सुबह से श्रीराम की आराधना के लिए भक्त पहुंचते हैं। इसे देखते हुए बंजारी मंदिर में विशेष तैयारी की गई है। आसपास के लोगों की भीड़ दिनभर रहती है।

## आईजीकेवी में पैरा एथलेटिक्स 28 से, 350 प्रतिभागी लेंगे भाग

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित खेल मैदान में 28 जनवरी से प्रदेश के 350 दिव्यांगों के बीच प्रतियोगिताओं का सिलसिला शुरू होने वाला है। पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं रायपुर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज होगा। इसके बाद 29 और 30 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में दिव्यांग प्रतिभागी अलग-अलग विधा में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। यह जानकारी बुधवार को पत्रकार वार्ता में दी गई। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सभी दिव्यांगों में छिपी प्रतिभा को निखारने का प्रयास है, जो आगे चल कर देश का भी प्रतिनिधित्व करेंगे।



### खेल की इन विधाओं को किया है शामिल

पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव डिकेंस टंडन एवं आकाश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर वर्ग की प्रतिभा को आगे बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित होगी। इसमें 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता होगी। इसके साथ लांग जंप, ऊंची कूद, तवा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक को भी शामिल किया गया है। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग केटेगरी में किया जाएगा। इसमें दृष्टि बाधित, अस्थि बाधित सहित सब जूनियर वर्ग 8 से 15 वर्ष, जूनियर वर्ग 15 से 20 वर्ष और सीनियर वर्ग में 21 वर्ष से ऊपर वर्ग के दिव्यांग प्रतिभागी भाग लेंगे।

### आयोजक करेंगे ठहरने एवं भोजन की व्यवस्था

दिव्यांगजनों में खेल के प्रति उत्साह को देखते हुए यह आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 50 अटेंडर, टीम मैनेजर 50, ऑफिशियल कोच, वालेंटियर सहित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के ठहरने एवं भोजन सहित सारी व्यवस्था आयोजक परिवार द्वारा की जाएगी। भव्य रंगारंग खेल का आयोजन अपने आप में अद्भुत माहौल का एहसास लोगों को देगा। आकर्षक पुरस्कार भी आयोजन में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप दिया जाएगा।

## श्रीमंत शंकर देव के विचार समरसता और सांस्कृतिक विविधता की नींव

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में स्थापित महान संत, समाज सुधारक और सांस्कृतिक चेतना के प्रणेता श्रीमंत शंकर देव के विचारों, दर्शन और साहित्य को समर्पित शोध संस्थान का भव्य लोकार्पण बुधवार को किया गया। राज्यपाल रमेन डेका की गरिमामय उपस्थिति में समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता श्री डेका ने की। वहीं, सीएम विष्णु देव साय और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और डॉ. कृष्ण गोपाल सह-सरकार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सहित शिक्षा जगत के विद्वान, शोधार्थी, युवा उपस्थित रहे। इसके साथ ही पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मध्य एम.ओ.यू. पर भी हस्ताक्षर किया गया। इसके तहत दोनों ही विश्वविद्यालय के शोधार्थी एक-दूसरे विश्वविद्यालय में अंतरविषयक अनुसंधान कर सकेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि श्रीमंत शंकर देव के विचार आज भी समाज को जोड़ने, समानता स्थापित करने और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देते हैं।



### वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2 करोड़ रुपए दिए गए

शासन द्वारा इस शोध पीठ का संचालन करने के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके लिए उन्होंने सीएम साय को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने कहा कि शंकर देव जी का कार्यक्षेत्र भले ही असम था, लेकिन सामाजिक जागरण का जो कार्य किया गया, उसका प्रभाव संपूर्ण देश पर पड़ा। श्रीमंत शंकर देव द्वारा रचित साहित्य, नाटक, भजन में भारतीय संस्कृति का उद्घोष है। हमारा देश अपनी एकता और अखंडता के लिए जाना जाता है। इसके पीछे श्री शंकरदेव जी जैसे भारत माता के सपूत हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की संस्कृति को समर्पित किया। वर्तमान और नई पीढ़ी को उनके योगदान को बताकर हम एक सक्षम और समृद्ध भारत बना सकते हैं।

**बसंत पंचमी पर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ विद्वतपरिषद द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

# भारतीय ज्ञान परंपरा को जिंदा रखने, गुरुजनों का महत्व समाज और सरकार दोनों को समझना होगा : डॉ. द्विवेदी

रायपुर। गुरु गोविन्द दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु अपने गोविन्द दियो बताय...भारतीय ज्ञान परंपरा को जिंदा रखना है तो गुरुजनों का सम्मान करना होगा, उनके महत्व को समाज और सरकारें दोनों को समझनी होगी। उक्त बातें हरिभूमि समाचार पत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ विद्वतपरिषद के मंच से कहीं। वे बुधवार को संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ विद्वतपरिषद द्वारा आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित विचार संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अपना विचार साझा किए। यह आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल सभागृह में बसंत पंचमी के अवसर पर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ विद्वतपरिषद द्वारा किया गया। डॉ. द्विवेदी ने आगे कहा कि देवभाषा संस्कृत से ही संस्कार और संस्कृति का उद्भव हुआ है। संस्कृत भाषा उन्नत आचरण का पर्याय है। एक समय था जब संस्कृत भाषा से इंसानों की तुलना देवताओं से होती थी। भाषा के स्तर पर पतन से हमारी पतन जुड़ा है। भारतीय ज्ञान परंपरा की शुरुआत ही संस्कृत से हुई है। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सतीश गोकुल पंडा ने कहा कि संस्कृत सर्वभौमिक भाषा है, जो सभी जीवों के सर्वमंगल का पर्याय है।






### संवाद सत्र में विद्ववतजनों ने रखे विचार

कार्यक्रम में संवाद सत्र का भी आयोजन हुआ। इस सत्र में मुख्य वक्ता सतीश गोकुल पंडा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित और समृद्ध बनाने की दिशा में उपस्थित विद्वतपरिषद के सदस्यों को पांच बिंदुओं पर अपने विचार रखने का आग्रह किया। इस पर उपस्थित विद्वतपरिषद के सदस्यों ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर अपनी दृष्टिकोण, प्रासंगिकता, पुनर्जीवन और भूमिका पर विचार रखे।

### ये रहे उपस्थित

संस्कृत भारती महानगर रायपुर के अध्यक्ष डॉ. लूनेश कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी सरस्वती माता के छाया चित्र में पुष्प अर्पित व दीप प्रवज्वलन कर किया गया। उद्भबोधन से पूर्व सरस्वती वंदना का गायन विद्वतपरिषद की सदस्य ज्योति राजपूत के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ विद्वतपरिषद के सदस्यों में डॉ. बहुरन सिंह पटेल, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र सिंह सेंगर प्रांताध्यक्ष संस्कृत भारती, डॉ. प्रवीण झाड़ी प्रांत मंत्री संस्कृत भारती, डॉ. दिव्या देशपांडे सहित विद्वतजन उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का सीनियर म्यूथाई दल हैदराबाद रवाना



**रायपुर।** 7वीं सीनियर राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप का आयोजन 22 से 25 जनवरी तक एस एस कन्वेंशन सेन्टर, शम्शाबाद, एयरपोर्ट रोड, हैदराबाद (तेलंगाना) में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई संस्था आईएफएमए की भारतीय इकाई यूनाइटेड म्यूथाई एसोसिएशन - इण्डिया ( यूएमएआई) के तत्वावधान में तेलंगाना एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन की ओर से होने वाली इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का 17 सदस्यीय दल हिस्सा लेगा। छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू एवं महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि टीम मे 04 महिला और 08 पुरूष खिलाड़ी, राष्ट्रीय चैंपियनशिप में टेक्निकल टीम में 02 निर्णायकगण और राष्ट्रीय फेडरेशन के 03 अधिकारी शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि 18 वर्ष के ऊपर के आयु वर्ग में आयोजित हो रही उक्त सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रदर्शन के आधार पर दिसंबर 2026 में आयोजित अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप और एशियन इनडोर एवं मार्शल आर्ट्स गेम्स तथा वर्ष 2027 में मेघालय में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए पात्र खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ म्यूथाई दल महिला में दिव्या अग्रवाल, डॉली वर्मा (दोनो विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर), वाणी (बालोद) एवं टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा) पुरुष- आर्यन पटेल, विद्या कुमार सोनी, अमरजीत सिंह, शुभम कुमार निषाद, जय कुमार, पारस सावरकर, अनुभव राय एवं प्रवीण साहू (सभी रायपुर)शामिल हैं। इनमें 10 खिलाड़ी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के है जिसके संचालक अमन यादव है। निर्णायक में हरबंश कौर एवं प्रणव शंकर साहू (दोनो बालोद) राष्ट्रीय अधिकारी लखन कुमार साहू (बालोद), अनीस मेमन (रायपुर) और अमन यादव (रायपुर) शामिल हैं।

### जाखड़ पर्यवेक्षक नियुक्त



**भिलाई।** भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सहीराम जाखड़ को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यह उनके खेल अनुभव और वॉलीबॉल के प्रति समर्पण का सम्मान है। भारतीय वॉलीबॉल संघ ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ को सौंपी है। प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी से 8 फरवरी तक किया जाएगा। इसमें देश की सर्वश्रेष्ठ 8 महिला एवं 8 पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी। यह मुकाबले बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे, जहाँ खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएँ और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। यह प्रतियोगिता भारतीय वॉलीबॉल के स्तर को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### अंडर-19 एलिट ग्रुप के सेमीफाइनल मुकाबले आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के चार दिवसीय सेमीफाइनल मैच 22 जनवरी से प्रारंभ हो रहे हैं। पहला सेमीफाइनल मैच धमतरी में रायपुर ब्लू विरुद्ध दुर्ग दूसरा सेमीफाइनल मैच न्यू ग्राउंड कांकेर में रायपुर विरुद्ध बिलासपुर होगा।

### वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस में छत्तीसगढ़ को जूनियर एकल में स्वर्ण पदक



**रायपुर।** अस्मिता लीग वेस्ट जोन सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में तीसरे दिन बुधवार को सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के सिंगल डबल्स के मैच खेले गए। निर्णायक गौरव, प्रीति प्रधान, रीमा राय, खिरमन तांडी, संजय तांडी थे। इससे पहले 20 जनवरी को खेले गए मुकाबले के परिणाम में एकल मुकाबले में गुजरात के खनक ने छत्तीसगढ़ की राधिका को 3-0 से पराजित किया। मध्य प्रदेश गुजरात के संघर्ष पूर्ण मैच में गुजरात ट्राईब्रेक में जीता। अगले मुकाबले में छत्तीसगढ़ की नंदिनी ने मध्य प्रदेश के अंजनी को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। गुजरात और मध्य प्रदेश ने अपना मैच जीत कर अगले दोर प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ की नंदिनी ने गुजरात के खिलाड़ी को पराजित कर क्वार्टर फ़ाइनल में प्रवेश किया। मध्य प्रदेश टीम ने एकतरफ मुकाबले में राजस्थान को पराजित किया। गुजरात ने गोवा को परास्त कर क्वार्टर फ़ाइनल अपना स्थान सुनिचित किया। जूनियर वर्ग में एकल फाइनल में छत्तीसगढ़ के चंचल सारथी ने एमपी के खिलाड़ी को ट्राइब्रेक में पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। रजत पदक एमपी के चारवी तथा कांस्य पदक प्रिया वदा एमपी एवं रिया छत्तीसगढ़ ने प्राप्त किया। सब जूनियर सिंगल्स में प्रथम सेमीफाइनल छत्तीसगढ़ की नंदिनी और हनी गुजरात के बीच खेला गया।

## आम होती जा रही घुटने के दर्द की समस्या से निजात पाना जरूरी

# घुटनों में दर्द के कारण चलना-फिरना हो गया है मुश्किल तो आराम पाने करें कुछ जरूरी उपाय

अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त होने से भी आपके घुटने के जोड़ों पर तनाव बढ़ जाता है, इसके कारण सामान्य गतिविधियों जैसे चलने या सीढ़ियां चढ़ने तक में भी कठिनाई होती है। इसके अलावा शारीरिक निष्क्रियता भी घुटने के दर्द की समस्या को बढ़ाने वाली हो सकती है।

घुटने और जोड़ों के दर्द की समस्या आम होती जा रही है। पहले ये अक्सर बुजुर्गों में देखी जाती थी पर जिस तरह से लोगों की लाइफस्टाइल खराब हो गई है, युवाओं में भी जोड़ों की समस्याएं काफी बढ़ गई है। ऑफिस में लंबे समय तक बैठकर काम करना, अधिक वजन और शारीरिक गतिविधियों में कमी के चलते बड़ी संख्या में लोग दर्द से परेशान देखे जा रहे हैं। घुटना हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण जोड़ होता है, जो चलने, उठने-बैठने, सीढ़ियां चढ़ने और रोजमर्रा के कामों में मदद करता है। यही कारण है कि घुटनों में होने वाली किसी भी समस्या का असर पूरे शरीर पर पड़ सकता है। समय रहते इसके कारणों को समझना और सही इलाज करना जरूरी है। इसे अगर नजरअंदाज कर दिया जाए तो सर्जरी तक की नौबत आ सकती है।

घुटने और जोड़ों के दर्द का सबसे बड़ा कारण



ऑस्टियोआर्थराइटिस है, इसमें समय के साथ जोड़ों की कार्टिलेज घिसने लगती है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए कम उम्र से ही सतर्क हो जाना चाहिए।

### पूरे शरीर पर हो सकता है असर

घुटनों का दर्द पूरे शरीर को प्रभावित कर सकता है। दर्द के कारण चलना-फिरना कम हो जाता है, जिससे मांसपेशियां कमजोर होने लगती हैं। शारीरिक गतिविधि घटने से वजन बढ़ता है और हृदय, शुगर व ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। घुटने में होने वाला दर्द वैसे तो गंभीर नहीं होता लेकिन चोट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, जोड़ों में तनाव आदि का अगर समय रहते इलाज न किया जाए तो इसके गंभीर रूप लेने का खतरा हो सकता है। अब सवाल ये है कि क्या उपाय किए जाएं कि घुटनों की समस्या दूर रहे?

### घुटनों की समस्या से बचाव के लिए व्यायाम जरूरी



नियमित व्यायाम की आदत आपके घुटने की समस्याओं को कम करने में मददगार हो सकती है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम, क्वाड्रिसेप्स और हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों को केंद्रित करती है, जिससे दर्द को कम करने में मदद मिल सकती है। शरीर के सक्रिय रहने से वजन को नियंत्रित करने और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है, इससे भी घुटनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। गठिया जैसी समस्याओं से बचाने में भी व्यायाम की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सूजन कम करने वाले आहार का करें सेवन

ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर आहार जैसे अखरोट,



अलसी और मछली सूजन कम करने में मदद करते हैं। वहीं कैल्शियम और विटामिन-डी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं। इससे भरपूर चीजों को नियमित रूप से आहार का हिस्सा बनाएं। ये पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ रखने के साथ घुटनों की दिक्कतों को भी कम करते हैं। इसके अलावा प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक-सुगर सूजन बढ़ा सकते हैं, इसलिए इनसे बचना चाहिए।

### वजन को रखें कंट्रोल

शरीर का अधिक वजन, घुटने के दर्द को बढ़ाने वाला हो सकता है। यह गठिया के भी कारणों में से एक है। वजन अधिक होने से जोड़ों पर दबाव बढ़ता है जिससे वहां की मांसपेशियां प्रभावित हो सकती हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अगर नियमित व्यायाम किया जाए तो यह वजन को कंट्रोल में रखने और आर्थराइटिस के खतरे को कम करने में मदद कर सकती है। अक्सर हम सभी ध्यान नहीं देते हैं पर खराब क्वालिटी के जूते, ऊंची एड़ी वाली सैंडिल भी जोड़ों और घुटनों में समस्याओं का कारण बन सकती हैं। इसलिए अच्छे और आरामदायक जूते पहनें।

## पश्चिम क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ को भी खिताब




**रायपुर।** भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग के तत्वावधान में रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय पश्चिम क्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता 2025-26 का बुधवार को समापन हो गया। महालेखाकार आवासीय परिसर स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रधान महालेखाकार यशवंत कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 19 जनवरी को शुरू हुए इस खेल महाकुंभ में पश्चिम क्षेत्र के 09 अलग-अलग कार्यालयों के 61 खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यालय प्रधान महालेखाकार, महाराष्ट्र (नागपुर) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रधान निदेशक लेखापरीक्षा (केंद्रीय) मुंबई को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। पुरुष एकल वर्ग में भी नागपुर का दबदबा कायम रहा, जहाँ राजू भायसारे ने शुरुआती पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की और मुंबई के जीतेन्द्र काले को 12-15, 25-0, 25-06 के अंतर से शिकस्त देकर 'कैरम किंग' का खिताब जीता।

यशवंत कुमार, प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), छत्तीसगढ़ ने इस अवसर पर कहा कि हार-जीत से परे, सभी 09 टीमों के खिलाड़ियों ने जिस अनुशासन और ऊर्जा का परिचय दिया है, वह विभाग के लिए गौरव की बात है। महिला वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में मुंबई की ऑड्रे मारिया डिसूजा ने मेजबान छत्तीसगढ़ की कविता विनय को एक संघर्षपूर्ण मैच में 18-25, 22-08, 15-10 से हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए खुशी का पल वेटरन संवर्ग में आया, जहाँ रायपुर के हेमराज बाबने ने राजस्थान के रहीसुद्दीन को 14-18, 23-20, 20-13 से पराजित कर घरेलू दर्शकों को जश्न मनाने का मौका दिया।

समापन समारोह के अवसर पर महालेखाकार मोहम्मद फैज़ान नय्यर और उपमहालेखाकार जी. एळिलरसी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए चीफ रैफरी शकील अख्तर और उनकी टीम की विशेष सराहना की गई। अंत में प्रधान महालेखाकार ने आयोजन के औपचारिक समापन की घोषणा की।




## राज्य पैरा एथलेटिक्स 28 से

**रायपुर।** पैरा एथलेटिक्स एसोसिएशन एवं रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी के संयुक्त तत्वावधान में 16 वी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 जनवरी तक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य सभी दिव्यांग जनों के साथ में छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारना है जो आगे चल कर देश के लिए रायपुर राजधानी सहित प्रदेश का नाम रोशन करें। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि हमारा उद्देश्य हर वर्ग की प्रतिभा को आगे बढ़ाना है यह प्रतियोगिता विभिन्न वर्गों में आयोजित हो रही है। जैसे 100 मीटर 200 मीटर 400 मीटर 800 मीटर 1500 मीटर की दौड़ है। लॉंग जंप, ऊंची कूद, तवा फेंक, गोला फेंक और भाला फेंक सहित अन्य खेल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रैक-11,12,13,40,41,42,44,45,47 और 54 ( दृष्टि बाधित व अस्थि बाधित) सहित सब जूनियर वर्ग 8 से 15 वर्ष, जूनियर वर्ग 15 से 20 वर्ष, सीनियर वर्ग 21 वर्ष से ऊपर वर्ग के दिव्यांग जन प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 50 अटेंडर, टीम मैनेजर 50, ऑफिशियल कोच और वालेंटियर सहित सुरक्षाकर्मी मौजूद रहेंगे। इस दौरान प्रतियोगिता के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, डिकेंस टंडन सचिव किशनलाल, विभीषण निषाद और हारून बेग सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

- दिव्यांग जनों के साथ में छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारना मुख्य लक्ष्य



## छत्तीसगढ़ के एथलीट नेशनल क्रॉस कंट्री में


**रायपुर।** 60 वीं ओपन नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 का आयोजन झारखंड रांची के प्रभात तारा मैदान इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक 23 और 24 जनवरी को किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की एथलेटिक्स टीम 22 जनवरी को रवाना होगी। इस टीम में उभरते हुए बेहतरीन क्रॉस कंट्री खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के लिए अर्थात देश के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। वरिष्ठ चयनकर्ता टीम के अध्यक्ष आर. के .पिल्लई और अन्य चयनकर्ता पांच सदस्य रवि शंकर धनगर रायपुर, डॉक्टर मेजर सिंह दुर्ग, गुरमीत अटवाल बिलासपुर, अरुण कुमार पाल बेमेतरा और ऋषि देव सिंह कोंडागांव थे। जूनियर चयनकर्ता टीम के अध्यक्ष सुरेश कुमार और उनकी टीम पांच चयनकर्ता चारु लता गजपाल महासमुंद, नागेंद्र कुमार सिंह पेंड्रा, नरेंद्र कुमार मेश्राम नारायणपुर, के.निवास दुर्ग, नरेश कुमार कुशवाहा सूरजपुर थे। इस छत्तीसगढ़ क्रॉस कंट्री टीम में वरिष्ठ पुरुष टीम के अंतर्गत कौशलेंद्र और परवेज राजनांदगांव, मनीष कुमार और रवि बिलासपुर , विवेक प्रसाद दुर्ग और भूपेंद्र बलौदाबाजार, वरिष्ठ महिला टीम में रुक्मणी साहू और छविता दुर्ग, निशा साहू, साक्षी यादव और रोशनी यादव राजनांदगांव और भावना बालोद शामिल हैं। 20 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक सौरभ पाल जयपुर, मुकेश पाल बीजापुर , मोहम्मद



वसीम और हर्ष साहू दुर्ग , तुषार राजनंदगांव और सुमन बालोद, 20 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका प्रज्ञा राजवाड़े सूरजपुर, लिकेश्वरी तराम कांकेर , आंचल साहू और रिया यादव दुर्ग, नीतू कुमार चेता न बिलासपुर और हिमेश्वरी साहू राजनांदगांव शामिल हैं।

इसी तरह 18 वर्ष से कम आयू वर्ग के बालक में कृष कुमार वर्मा राजनांदगांव और अरुण सूरजपुर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका पूजा वचाम और कुमारी विनीता बीजापुर, 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक समीर कश्यप और पीयूष यादव बिलासपुर और और 16 वर्ष से कम आयु वर्ग की बालिका टीम में संतोषी बीजापुर और भूमि दुर्ग सहित सभी 32 खिलाड़ी और 8 अधिकारी शामिल होंगे। इनमे कामता प्रसाद यादव, पुकेश्वर लाल राजनांदगांव , संदीप कुमार बीजापुर, आंचल भगत जयपुर, अदिति मुंगेली, श्रीनिवास बिलासपुर और बालमती शामिल हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मुख्यमंत्री एवं अध्यक्ष ओलिम्पिक संघ विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह,उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, महासचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ डॉ. विक्रम सिंह सिसोदिया, पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ, अमर अग्रवाल बिलासपुर विधायक, धर्मजीत सिंह विधायक तखतपुर, अटल श्रीवास्तव कोटा विधायक, सुशांत शुक्ला बेलतरा विधायक, यशवंत कुमार सचिव खेल एवं युवा कल्याण , रजनीश सिंह, संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग तनुजा सलाम, आई. जी. डॉ॰ संजीव शुक्ला, कलेक्टर संजय कुमार अग्रवाल , पुलिस अधिक्षक रजनेश सिंह, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ अवधेश कुमार त्रिवेदी, जसविन्दर सिंह भाटिया (द्रोणाचार्य अवार्डी), विजय केसरवानी , सुरेश क्रिस्टोफर, पी. जी. कृष्णनन, सुशील कुमार मिश्रा, ए. एक्का, महासचिव छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ अमरनाथ सिंह, आर. के. पिल्लई, रणविजय प्रताप सिंह, विवेक कुमार शुक्ला, संजू कुमार डे, देवेंद्र कुमार राठौर, बलवीर सिंह, रवि शंकर धनगर, अनिल कुमार खोपरागड़े, रविद्र कुमार पटनायक, राजेश्वर राम भगत, हितेश कुमार यादव, आदित्य कुमार सिंह , सौरभ लूनिया, आलोक कुमार गुप्ता, चारुलता गजपाल, आदि ने इस छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए एवं शुभकामनाएं दी।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 85 साल के अल पीचनो 53 साल छोटी नूर संग आए नजर, चर्चाओं का बाजार गर्म



दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी एक्स गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह को एक बार फिर साथ देखा गया है। दोनों साथ में डिनर करते हुए स्पॉट हुए हैं। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक, इस एक्स-कपल को बीते शुक्रवार की शाम वेस्ट हॉलीवुड के एक प्राइवेट मेंबर्स-ओनली क्लब, 'सैन विसेंट बंगलोज' के बाहर स्पॉट किया गया। यह दोनों की दो साल बाद पहली सार्वजनिक मुलाकात थी। इससे पहले रिश्ता टूटने के बाद दोनों ने आखिरी बार एक-दूसर को 'दोस्त' और बेटे रोमन का 'को-पैरेंट' बताया था।

हालांकि, तमाम चर्चाओं के बीच ना तो एक्टर अल पचीनो और ना ही प्रोड्यूसर नूर अल्फल्लाह की ओर से इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी आई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जब दोनों की टीम से इस बाबत सवाल किया गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

बहरहाल, नूर अल्फल्लाह को एक काली ड्रेस के ऊपर एक डार्क ओवरकोट पहने देखा गया। जबकि 'द गॉडफादर' और 'सेंट ऑफ अ वुमन' एक्टर अल पचीनो एक डार्क ट्रेंच कोट, काली पैंट और स्नीकर्स में दिखे। जब वे दोनों क्लब से बाहर आए तो दोनों के चेहरे पर गंभीर भाव थे। दोनों एकसाथ चल रहे थे, लेकिन पपाराजी के कैमरों ने दोनों को बातचीत करते नहीं देखा।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' हुई जापान में रिलीज, रश्मिका को फैंस से मिले ढेरों लेटर्स और गिफ्टस



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' के प्रमोशन के लिए जापान गए थे। यह फिल्म जापान में 16 जनवरी को रिलीज हुई। इस दौरान फैंस ने रश्मिका मंदाना को ढेर सारी चिट्ठियां और खूबसूरत तोहफे दिए। घर लौटने के बाद जब उन्होंने इन सभी तोहफों को देखा और चिट्ठियां पढ़ीं तो वह भावुक हो उठीं। साल 2024 में रिलीज हुई अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का डंका अभी भी बज रहा है। इस मूवी का 16 जनवरी को जापान में प्रीमियर हुआ। इस मौके पर एक्टर के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना भी नजर आईं। और उन्होंने इंस्टाग्राम पर वहां की कुछ झलकियां फैंस के साथ शेयर कीं। इसके साथ ही लंबा-चौड़ा एक कैप्शन भी लिखा। वहां के लोगों का आभार जताया। रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी एक फोटो पोस्ट की है, जहां वह टेबल पर रखे कई सारे लेटर्स को पढ़ रही हैं, जो उनके चाहनेवालों ने भेजे हैं। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'मैं एक दिन के लिए जापान गई थी और सिर्फ एक दिन में जितना भी प्यार मिला, वो दिल को छू लेने वाला था। मुझे यहां कई सारे लेटर्स और बहुत सारे गिफ्ट्स मिले। और मैंने वो सभी पढ़े। सभी गिफ्ट्स को घर ले आई। मैं बता नहीं सकती कि मैं ये सब देखकर मैं कितनी ज्यादा भावुक हो गई। इस प्यार के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया जापान। आई लव यू और मैं दोबारा आने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। लेकिन अगरी बार मैं लंबे वक्त के लिए आऊंगी। मैं वादा करती हूं। और मैं आपसे ये भी वादा करती हूं कि मैं जापान आने पर ज्यादा जापानी सीखने की कोशिश करूंगी।' इसके अलावा, राखा ने कुछ फोटोज और वीडियोज भी पोस्ट किए, जिसमें वह अल्लू अर्जुन समेत फिल्म के प्रोड्यूसर्स के साथ नजर आ रही हैं।

### भोजपुरी

## बहू का क्लेश तो बहुत देख लिया, अब मिलिए 'सास की सौतन' से



भोजपुरी सिनेमा में एक बार फिर फैमिली बेस्ड फिल्म आ गई है। सास की सौतन' का फर्स्ट लुक जारी होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। इसके पोस्टर में सारे कलाकार मस्त और गजब के दिखाई दे रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा में एक बार फिर पारिवारिक रिश्तों, भावनाओं और टकराव को नए अंदाज में पेश करने जा रही फिल्म 'सास की सौतन'। इसका फर्स्ट लुक जारी होते ही दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। एसआरके म्यूजिक और शानवी म्यूजिक के बैनर तले बन रही इस फिल्म को रौशन सिंह प्रस्तुत कर रहे हैं। फर्स्ट लुक में रिश्तों की मुश्किल, सस्पेंस और ड्रामे की झलक साफ दिखाई देती है, जिसने दर्शकों की खुशी को और बढ़ा दिया है।

रौशन सिंह ने कहा कि 'सास की सौतन' एक पारिवारिक कहानी है, जो रिश्तों की मुश्किल और भावनात्मक टकराव को नए दृष्टिकोण से पेश करती है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में बदलते पारिवारिक मूल्यों पर भी सोचने को मजबूर करेगी। रोशन सिंह के अनुसार, फिल्म की कहानी आम घर-परिवार से जुड़ी है, जिससे हर वर्ग का दर्शक खुद को इससे जोड़ पाएगा। मजबूत कहानी, दमदार अभिनय और मधुर संगीत इस फिल्म की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्हें विश्वास है कि 'सास की सौतन' भोजपुरी सिनेमा में एक नई पहचान बनाएगी और दर्शकों का भरपूर प्यार पाएगी।

लाइफ स्टाइल



## इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन

2026 में इंडियन फैशन कम्फर्ट, कॉन्शियस क्राफ्ट और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन की तरफ बदल रहा है। भारी, तंग कपड़ों से हटकर अब जंपसूट-साड़ी, स्नीकर्स के साथ आरामदायक कुर्ते और स्ट्रक्चर्ड एथनिक को-ऑर्ड्स जैसे वर्सेटाइल कपड़ों की पसंद बढ़ रही है। मुख्य ट्रेंड्स में सस्टेनेबिलिटी (हैंडलूम, नेचुरल डाई), टेक इंटीग्रेशन (एआर ट्राई-ऑन), हेरिटेज बुनाई को नए सिरे से पेश करना, और बोल्ड मैक्सिमलिज़्म के साथ शांत लग्ज़री का मिश्रण शामिल है। यह कारीगरों की तकनीकों और अपनाने लायक, 'पहनने योग्य कला' का जश्न है।

## फ्लोरल ब्रेड हेयर स्टाइल अनूठे ढंग से करें क्रिएट

अगर आप ब्रेड फ्लोरल हेयर स्टाइल क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए इस हैक्स को ट्राई करें इससे आसानी से ब्रेड बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आपको आगे के बालों में सेक्शन कर उन्हें आगे सेट कर लेना है। अब जो पीछे के बाल हैं उनमें पफ क्रिएट करना है, इसके लिए बेस्ट है कि आप बैक कॉम्बिंग करें। इसके बाद पीछे के बालों को लेना है और ट्विस्ट कर सेट करना है। आप इसमें ब्रेड भी बना सकती हैं और छोटे-छोटे सेक्शन में सेट कर सकती हैं। फिर हेयर में बाउंस देने के लिए इन्हें खोलना शुरू कर देना है। इसके बाद इसमें पिन की मदद से फ्लावर सेट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। अगर आपके बाल पतले हैं तो जो तरीका इसमें बताया गया है आप उसके हिसाब से ब्रेड (हेयर स्टाइल टिप्स) बनाएंगी, तो बालों में एक बाउंस क्रिएट होगा। जिससे वो हेल्दी और हैवी लगेंगे। इसके लिए पहले आपको पफ क्रिएट करना है। अब आपको बालों को ट्विस्ट करना है और रबर बैंड की मदद से चोटी बनाकर सेट करना है। फिर इसे अंदर की तरफ ट्विस्ट करना है। इसी तरीके से आपको सारे बालों को ट्विस्ट कर सेट करना है। इसके बाद इसे पिन



से सेट करना है। इस बात का ध्यान रखें कि बालों में हैवी कर्ल जरूर क्रिएट करें, ताकि वो अच्छे लगे। अब इसमें फ्लावर सेट करना है, छोटे-छोटे हिस्से में।


आप पारंपरिक चोटी बनाकर उसमें बॉबी पिन से फूल लगा सकती हैं या फिर वॉटरफॉल ब्रेड (झरने जैसी चोटी) बनाकर उसके साथ छोटे फूलों का गजरा लगा सकती हैं। इसके लिए बालों को अच्छे से कंघी करें, फ्रेंच या डच ब्रेड बनाएं, और फिर धीरे-धीरे फूलों को पिनअप करें या चोटी के किनारों से लटकते हुए फूल लगाएं। जिससे एक यूनिक और खूबसूरत लुक मिलेगा, खासकर शादी-फंक्शन के लिए।

### सिंपल ब्रेड और फ्लावर एक्सेसरीज़

बाल तैयार करने अपने बालों को अच्छी तरह कंघी करें और उन्हें 3 बराबर हिस्सों में बांट लें। चोटी बनाने एक सामान्य फ्रेंच या डच ब्रेड (चोटी) बनाएं। जिसमें आप धीरे-धीरे नए बालों के सेक्शन लेती जाएं। फूल लगाएं इसके लिए चोटी पूरी होने के बाद, बॉबी पिन की मदद से छोटे-छोटे ताज़े फूल (जैसे मोगरा, गुलाब) चोटी के बीच में या किनारों पर लगाएं।आप इन्हें अलग-अलग दिशाओं में लगा सकती हैं ताकि यह और भी अनोखा दिखे।

## फ्लोरल अनारकली सूट के नए डिजाइंस करें ट्राई





सूट को स्टाइल करने से पहले जरूरी है कि आप फिटिंग का भी खास ध्यान रखें, इससे आपका लुक और अट्रैक्टिव लगता है। जब भी हम कोई सूट खरीदते हैं तो मार्केट में जाकर अच्छे-अच्छे डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम पहले से ही लेटेस्ट ट्रेंड को सर्च करके जाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कई सारे डिजाइन और पैटर्न होते हैं जो हमसे छूट जाते हैं। फ्लोरल अनारकली सूट डिजाइन भी उनमें से एक है, आजकल ये काफी ट्रेंड में है। इसमें आपको हर एक डिजाइन और कलर के सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप किसी भी बड़े या छोटे इवेंट में वियर कर सकती हैं। चलिए डालते हैं इन डिजाइंस पर नजर।



### गाउन स्टाइल फ्लोरल अनारकली सूट

अगर आपको किसी पार्टी या फिर घर के किसी फंक्शन में गाउन पहनने का मन है लेकिन एथनिक लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप गाउन स्टाइल अनारकली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको फ्लोरल प्रिंट जो आजकल काफी चल रहा है वो मिल जाएगा। इसकी खास बात ये होती है कि ये आपको लाइट और हैवी दोनों तरह के प्रिंट में मिल जाएंगे। कलर को आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 2000 रुपये में मिलेगा।

### अनारकली सूट विद पैंट

घर में पूजा है तो इसके लिए आप इस फ्लोरल प्रिंट के अनारकली सूट को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक काफी अच्छा लगता है। इस तरह के सूट में आपको शॉट अनारकली कुर्ती मिलेगी। जिसपर गोटा पट्टी वर्क होगा। इसके साथ सेम प्रिंट की पैंट और दुपट्टा सिंपल मिलेगा। इस तरह के अनारकली सूट को भी आप स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

## बैकलेस ब्लाउज को देना है स्टाइलिश लुक तो इन आसान टिप्स को करें फॉलो

साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज के डिजाइन को बॉडी टाइप और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर चुनना बेहद जरूरी होता है।आजकल मार्केट में कई वैरायटी में आपको ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस नजर आ जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश और बोल्ड दिखने के लिए हम बैकलेस ब्लाउज पहनना काफी पसंद करते हैं। बदलते दौर में आजकल बैकलेस ब्लाउज के भी कई डिजाइंस आपको इन्टरनेट के जरिये देखने को मिल जाएंगे। बैकलेस ब्लाउज को भी आप सिंपल या बिना स्टाइल किए नहीं छोड़ सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स और बताएंगे इनसे जुड़ी अहम बातें जो आपके लुक में जान डालने का काम कर सकती हैं।

**ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए चूड़ी का कैसे करें इस्तेमाल ?**

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको वैसे तो मार्केट में कई चीजें मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो इस तस्वीर में दिखाया गया डिजाइन




साड़ी या लहंगे के साथ पहनने वाले बैकलेस ब्लाउज पर बनवा सकती हैं।

## छोटी आंखें दिखेंगी बड़ी-बड़ी, आई लाइनर लगाने की ये ट्रिक्स आजमाएं

आंखों को बड़ा दिखाने के लिए आपने कई सारे ट्रिक्स आजमाएं होंगे। हम जो आज ट्रिक्स आपको बताने वाले हैं, वो ट्राइड और टेस्टेड हैं। इन ट्रिक्स से आपकी आंखें आकर्षक और सुंदर भी दिखेंगे।

### व्हाइट या न्यूड लाइनर लगाएं

अपनी आंखों को बड़ा दिखाने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपनी वॉटरलाइन पर सफेद या न्यूड आईलाइनर लगाना। यह ट्रिक आंखों को तुरंत ग्लो देती है और बड़ी और खुली-खुली आंखों का भ्रम पैदा करती है। एक छोटा-सा लेकिन प्रभावी चेंज देखने के लिए बस अपनी निचली वॉटरलाइन को एक सफेद या न्यूड पेंसिल से



लाइन करें और फिर देखें, सब कैसे आपकी आंखों में डूबते हैं।

### टाइटलाइनिंग करें ट्राई

टाइटलाइनिंग का मतलब है कि आप नीचे ही नहीं, बल्कि ऊपरी वॉटरलाइन पर भी लाइनर लगाएं। इससे पलकें घनी दिखती हैं और एक हल्का स्मोकी लुक भी आता है। इस तरह से लाइनर लगाने से बड़ी लैश लाइन का भ्रम पैदा होता है। वॉटरप्रूफ या लंबे समय तक टिकने वाली आईलाइनर पेंसिल का उपयोग करें और इंटरनल कोने से शुरू करके बाहरी कोने की ओर बढ़ते हुए धीरे से ऊपरी वॉटरलाइन को लाइन करें। यह ट्रिक आपकी आंखों पर दबाव डाले बिना एक बेहतरीन डेफिनेशन देगी।

### आईलाइनर को बाहरी कोने तक लाएं

अगर आप लाइनर लगाते वक्त उसे किनारे तक छोड़ देती हैं, तो ऐसा बिल्कुल न करें। अब आपको एक नई ट्रिक यह आजमानी है कि अपने आईलाइनर को अपनी आंखों के बाहरी कोने से थोड़ा आगे बढ़ाएं, ताकि अपीयरेंस थोड़ा-सा एलॉन्गेट हो सके।

कार्नर न्यूज

### 26 जनवरी के लिए आपकी ड्रेस खास होनी चाहिए

## राष्ट्रीय पर्व पर अपने कपड़ों से जाहिर करें देशभक्ति, लोग खुलकर करेंगे तारीफ

26 जनवरी 1950 के दिन भारत देश का संविधान लागू हुआ था। ऐसे में हर साल इस दिन गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। ये दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। ऐसे में गणतंत्र दिवस के दिन लोग तमाम तरह के कार्यक्रमों में भाग लेते हैं। हर साल की तरह इस साल भी लोगों ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। इस दिन लोग देशभक्ति के रंग में रंगे दिखाई देते हैं। खासतौर पर लड़कियां तिरंगे के रंग में रंगी दिखाई देती हैं, लेकिन पुरुषों को ये समझ नहीं आता कि वो किस तरह के कपड़े पहनें कि उनका लुक पारंपरिक के साथ क्लासी दिखाई है। अगर आप भी इसको लेकर संशय में हैं कि गणतंत्र दिवस के दिन क्या पहनें तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं, कि आप किस तरह के कपड़े पहनकर तैयार हो सकते हैं।

### सफेद कुर्ता और पायजामा

गणतंत्र दिवस के दिन आप इस तरह का सफेद रंग का कुर्ता और पायजामा कैरी कर सकते हैं। इसके



साथ जब आप हाथों में तिरंगा लेंगे तो आपका लुक काफी क्लासी दिखेगा।

### तिरंगा टी शर्ट

अगर आप खुद को तिरंगे के रंग में रंगना चाहते हैं, तो तिरंगा टीशर्ट एक बेहतर विकल्प है। इसे आप जींस के साथ पहन सकते हैं।

### कुर्ता और पायजामा

आप अगर कुर्ता पाजयामा पहनने का सोच रहे हैं, तो ये एक बेहतर विकल्प है। आपको आसानी से कुर्ता पायजामा बाजार में मिल जाएगा। आप चाहें तो चिकनकारी कुर्ता भी कैरी कर सकते हैं। इसके साथ ही आप खादी का कुर्ता-पायजामा चुन सकते हैं। लुक को पूरा करने के लिए आप केसरिया या हरे रंग का खादी का कुर्ता पहन सकते हैं और इसके साथ सफेद रंग का पायजामा पहन सकते हैं।

### जींस के साथ शॉर्ट कुर्ता

अगर आपको जींस पहनना पसंद है, तो जींस के साथ आप इस तरह का शॉर्ट कुर्ता पहन सकते हैं। इसे पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगे।

